दैनिक
केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
RNI No. RAJHIN/2010/31619
Post.Reg No. sikar/041/2016-2018
# नवयत्न
खबरें सड़क से संसद तक
वर्ष: 17 अंक 91 सीकर, शनिवार 30 मई 2026 Email : navyatndainik@gmail.com मूल्य 1 रुपया पृष्ठ 8

# जयपुर समेत 6 जिलों में बारिश, ओले भी गिरे

## झुंझुनूं में अंधड़ से टिनशेड उड़ गए, कोटपूतली-बहरोड़ में पेड़ धराशायी

जयपुर।

जयपुर में शुक्रवार रात को मौसम बदला और कई इलाकों में तेज बरसात हुई। इस दौरान ओले भी गिरे। इससे पहले बीकानेर, चूरू, धौलपुर, अलवर और झुंझुनूं जिले में भी बारिश हुई और ओले गिरे। कोटपूतली-बहरोड़ में अंधड़ से पेड़ गिर गए। झुंझुनूं जिले के कई इलाकों में अंधड़ आया। इस दौरान धूल का गुबार के कारण अंधेरा छा गया और विजिबिलिटी कम हो गई। करीब 30 मिनट तक चले अंधड़ के कारण कई इलाकों में नुकसान हुआ है। कई जगहों पर साइन बोर्ड गिर गए। कई घरों और दुकानों के ऊपर लगे टिनशेड उड़ गए।

भीलवाड़ा में लोगों को गर्मी से राहत देने के लिए नगर निगम प्रशासन ने शहर की मुख्य सड़कों पर फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से पानी का छिड़काव कराया। मौसम विभाग ने उत्तर-पूर्वी जिलों में अंधड़ चलने के साथ बारिश-ओलावृष्टि का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ये सिस्टम 1 जून तक एक्टिव रहेगा।

गुरुवार को जयपुर में सीजन का सबसे गर्म दिन रहा, यहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस के ऊपर चला गया। वहीं, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, झुंझुनूं, अलवर और चूरू में बारिश के साथ ओले गिरे। राजस्थान में हर साल बढ़ रही गर्मी और हीटवेव को लेकर आईआईटी मुंबई ने एक रिपोर्ट जारी की है। इसमें बढ़ते हीट आईलैंड और गर्मी के कारण हो रही मौतों का जिक्र है। ये रिपोर्ट काफी डराने वाली है।

गर्मियों में टेम्परेचर बढ़ने का असर इंसानों के साथ जानवरों की सेहत पर भी पड़ता है। नौतपा में कई शहरों का तापमान 45डिग्री पार कर रहा है। इससे डॉग्स और कैट्स जैसे पेट्स को हीट स्ट्रेस और हीट स्ट्रोक का रिस्क कई गुना बढ़ गया है।

**राजधानी जयपुर में बारिश के साथ ओले गिरे**-राजधानी जयपुर में रात को मौसम बदला और बारिश हुई। इस दौरान ओले भी गिरे।

**बीकानेर के अरजनसर में अंधड़ आया**-बीकानेर के अरजनसर में शाम को मौसम बदला और आंधी चलने लगी। इस दौरान आसमान में धूल का गुबार छा गया।

**कोटपूतली-बहरोड़ के बानसूर में पेड़ गिरे**-कोटपूतली-बहरोड़ के बानसूर में शुक्रवार शाम करीब साढ़े 6 बजे आंधी चली। इससे पीडब्ल्यूडी परिसर में लगे दो पेड़ पास के मकान पर जा गिरे। इससे मकान क्षतिग्रस्त हो गया। आंधी से कई इलाकों में बिजली के पोल भी गिर गए।

**अलवर में बारिश से तापमान गिरा**-अलवर में दोपहर में घने बादल छाए। शाम को बारिश हुई। तेज हवा चलने से तापमान 38 डिग्री पर आ गया।

**जयपुर में बारिश**-जयपुर में शुक्रवार दोपहर बाद मौसम बदला और घने बादल छाए। साथ ही कुछ इलाकों में तेज बारिश भी हुई।

# मानसून श्रीलंका में अटका, 7 दिन बाद केरलम पहुंचेगा; इस साल 10% कम बारिश का अनुमान

**नई दिल्ली।** देश में मानसून की एंट्री लेट हो गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को बताया कि श्रीलंका के ऊपर कम दबाव वाली तूफानी हवाओं के चलते मानसून केरलम तट से 30-35 किमी दूर 5 दिन से अटका है और अगले 2-3 दिन इसके आगे बढ़ने के आसार नहीं हैं। केरलम के तट पर मानसून पहुंचने की सामान्य तारीख 1 जून मानी जाती है। इससे पहले मौसम विभाग ने 26 मई तक ही मानसून आने का अनुमान जताया था। ताजा अनुमान के मुताबिक अब यह 7 दिन बाद केरल तट पर पहुंचेगा। यानी, पिछले अनुमान से मानसून करीब 10 दिन बाद देश में एंट्री करेगा। आईएमडी के मुताबिक जून-जुलाई में भी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, बिहार, ओडिशा, छत्तीसगढ़, गुजरात और आंध्र प्रदेश में हीटवेव चलने की संभावना है। आमतौर पर उस वक्त तापमान 30-35 डिग्री तक रहता है। इस बार 3 डिग्री ज्यादा टेंपरेचर रहेगा।

**इस साल बारिश भी 10% तक कम होगी**-मौसम विभाग ने बताया कि इस साल देश में औसतन 78 सेंटीमीटर बारिश का अनुमान है।



### देश के कोर जोन में कम बारिश से खेती पर सीधा असर

मौसम विभाग ने बताया कि इस साल मानसून के कोर जोन में कम बारिश होगी। इस इलाके में खेती सबसे ज्यादा मानसूनी बारिश पर निर्भर करती है। यानी बारिश का सीधा असर फसलों और खाद्य उत्पादन पर पड़ता है। मानसून कोर जोन में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र का विदर्भ, झारखंड, ओडिशा, तेलंगाना, कुछ हिस्से उत्तर प्रदेश और बिहार के इलाके आते हैं। यहां खेती पर असर पड़ने से किसानों को सीधा नुकसान होगा।

### कमजोर मानसून, कम बारिश का आम आदमी पर असर...

देश में कुल बारिश का करीब 75% हिस्सा मानसून के दौरान होता है, जो सिंचाई, पीने के पानी और बिजली उत्पादन के लिए बेहद जरूरी है। करीब 64% आबादी कृषि पर निर्भर है। सिर्फ 55% खेती योग्य जमीन ही सिंचाई से कवर है। कम बारिश का असर खरीफ सीजन की बुवाई, फसल उत्पादन और कुल कृषि गतिविधियों पर पड़ेगा, जिससे किसानों की लागत और जोखिम दोनों बढ़ सकते हैं। बारिश कम होने से उत्पादन घट सकता है, जिसका असर सप्लाई पर पड़ेगा और इससे सब्जियों, दालों सहित खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ सकती हैं। खेती कमजोर रहने पर गांवों में आय कम हो सकती है, जिससे ग्रामीण बाजार में खर्च और मांग दोनों प्रभावित होंगे। ग्रामीण मांग में कमी आने पर ट्रैक्टर और टू-व्हीलर जैसे वाहनों की बिक्री पर भी असर पड़ने की संभावना है।

# एनआईए की राजस्थान समेत 4 राज्यों में छापेमारी

## आतंकी हमले और धमाकों की साजिश में रेड, पाकिस्तानी डॉन का नेटवर्क निशाने पर




**जयपुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने राजस्थान सहित 4 राज्यों आज छापेमारी की है। एजेंसी की टीमों ने 12 ठिकानों पर रेड की है। यह कार्रवाई पाकिस्तान के ऑपरेटिव जसवीर चौधरी और गैंगस्टर शहजाद भट्टी के आतंकी मॉड्यूल के खिलाफ की जा रही है। राजस्थान में अजमेर और नीमराना (बहरोड़-कोटपूतली) में एजेंसी ने दबिश दी है। केंद्रीय एजेंसी और स्थानीय पुलिस की मदद से की गई इस कार्रवाई के दौरान कई संदिग्धों से पूछताछ की गई है। डॉक्यूमेंट्स और डिजिटल उपकरण जब्त किए गए हैं। नीमराना में एक युवक को हिरासत में लिया है। इसे पुलिस थाने ले जाकर पूछताछ की जा रही है।

### रिटायर्ड टीचर के घर पहुंची टीम

अजमेर के वरुण सागर रोड स्थित अंबिका विहार कॉलोनी में एनआईए की टीम सुबह 5 बजे एक रिटायर्ड टीचर के घर पहुंची। दोपहर करीब 2 बजे टीम लौट गई। यहां किराए पर रहने वाले परमेश नाम के युवक को लेकर गई है।

### आतंकी हमले और धमाकों की साजिश थी

सूत्रों के अनुसार जांच में सामने आया है कि पाकिस्तान स्थित नेटवर्क ड्रोन के जरिए भारत-पाक सीमा पार से हथियार, गोला-बारूद और इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस भेजने की साजिश में शामिल था। एजेंसियों को आशंका है कि इन हथियारों और विस्फोटकों का इस्तेमाल पंजाब, दिल्ली समेत देश के कई हिस्सों में बड़े आतंकी हमलों और धमाकों के लिए किया जाना था।

# कलेक्टर के सामने कचरा फैलाया फिर सफाई की औपचारिकता निभाई



विजेंद्र सिंह लमोरिया

**चिड़ावा ( नवयत्न )।** श्योपुरा-भौमपुरा में वंदे गंगा अभियान के दौरान बिलावड़ी जोहड़ पर कलेक्टर समेत अन्य अधिकारी श्रमदान के लिए पहुंचे। यहां फोटो शूट करने के लिए कचरे से भरी टौकरी मंगवाई गई। कचरे को जमीन पर डालकर वापस गमलों में भरा गया और सफाई की औपचारिकता पूरी की गई।

### जोहड़ की मरम्मत करवाएंगे : कलेक्टर

बिलावड़ी जोहड़ की क्षतिग्रस्त हालत को लेकर कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने कहा-जोहड़ को जल्द सुधरवाया जाएगा। साथ ही गर्मी से झुलस रहे पेड-पौधों के लिए पानी की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाएगी। आमजन को आ रही पानी की समस्या को लेकर उन्होंने कहा कि जहां भी किल्लत की स्थिति बन रही है, वहां टैंकर से सप्लाई की जा रही है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग के अलावा जिला परिषद सीईओ परशुराम धाणक, अभियान के जिला संयोजक विश्वंभर पूनिया, सह संयोजक राकेश शर्मा, कमलकांत शर्मा, भाजपा नेता राजेश दहिया, कैलाश मेघवाल, एसडीएम सुप्रिया, तहसीलदार रामकुमार पूनिया और नायब तहसीलदार बलबीर सिंह कुलहरी सहित कई लोग मौजूद थे।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- एनटीए को यूपीएससी से सीखने की जरूरत




नई दिल्ली।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को नीट-यूजी पेपर लीक मामले पर कहा कि जवाबदेही तय होने तक ऐसी घटनाएं रुकने वाली नहीं हैं। कोर्ट में मौजूद नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) से सवाल किया कि यूपीएससी तो आपसे बड़े पैमाने पर परीक्षा करवाता है, वहां कभी पेपर लीक नहीं हुआ। एनटीए को उनसे सीखने की जरूरत है। सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद नीट पेपरलीक की जांच पर नजर रख रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। केस की सुनवाई कर रहे जस्टिस नरसिम्हा ने शिक्षा मंत्रालय से नीट-यूजी परीक्षाओं की जांच प्रक्रिया का ब्योरा मांगा। सॉलिसिटर जनरल ने बताया कि पेपर लीक के बाद बड़े लेवल पर सुधार किए हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि हम युवाओं को लेकर गंभीर हैं। नीट-यूजी री-टेस्ट के लिए नए तरीके अपनाए गए हैं। देशभर में 3 मई को नीट-यूजी परीक्षा हुई थी। 7 मई की शाम पेपर लीक की खबर सामने आई थी। 12 मई को परीक्षा रद्द कर दी गई। 21 जून को री-एग्जाम होगा।

### सुप्रीम कोर्ट का सवाल- सुधार के बावजूद नाकामी क्यों

सुप्रीम कोर्ट ने एनटीए को भंग करने वाली याचिकाओं पर सुनवाई की। इस दौरान 2024 में नीट पेपर लीक के बाद बनाई गई हाई-पावर मॉनिटरिंग कमेटी के प्रमुख और पूर्व इसरो प्रमुख डॉ. के राधाकृष्णन से पूछा कि सिफारिशों और सुधारों के बावजूद इस बार नाकामी क्यों हुई। राधाकृष्णन ने बताया कि समिति की अधिकांश सिफारिशें लागू की जा चुकी हैं। नीट-पीजी 2025 सफल रहा और इस साल सामने आई कमजोरियों को आगामी री-टेस्ट से पहले दूर किया जा रहा है।

# प्रदेश में 'ड्रोन कवच' से अपराधियों पर रहेगी पैनी नजर

## पुलिस ने शुरू किया विशेष अभियान, त्योहारों और बड़े आयोजनों में आसमान से होगी मॉनिटरिंग

जयपुर।

राजस्थान में कानून व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए पुलिस ने 'ड्रोन कवच' अभियान की शुरुआत की है। इस हाईटेक पहल के तहत अब त्योहारों, धार्मिक आयोजनों और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में ड्रोन के जरिए निगरानी रखी जाएगी। आसमान से होने वाली मॉनिटरिंग के जरिए संदिग्ध गतिविधियों, भीड़ प्रबंधन और अपराधियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल से सुरक्षा व्यवस्था और अधिक प्रभावी व मजबूत बनेगी। राजस्थान पुलिस अब पारंपरिक गश्त के साथ अत्याधुनिक ड्रोन तकनीक का उपयोग कर रही है। पुलिस विभाग अपने कर्मचारियों को नई तकनीक के अनुरूप प्रशिक्षित भी कर रहा है, ताकि अपराधियों पर हर समय नजर रखी जा सके। 'ड्रोन कवच' के जरिए अब प्रत्येक जिले में आसमान से निगरानी कर अपराध मुक्त वातावरण तैयार करने की दिशा में काम किया जाएगा

### तुरंत मिलेगी संदिग्ध गतिविधि की लाइव जानकारी

ड्रोन तकनीक के जरिए पुलिस को किसी भी संदिग्ध गतिविधि की लाइव जानकारी तुरंत मिलेगी। संवेदनशील और दुर्गम क्षेत्रों में अप्रिय घटनाओं को रोकने के लिए ड्रोन तत्काल मौके पर पहुंचकर लाइव फीड उपलब्ध कराएंगे, जिससे पुलिस बल तुरंत कार्रवाई कर सकेगा। बड़े आयोजनों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में यह तकनीक डिजिटल गाइड की तरह काम करेगी।



### त्योहारों और आयोजनों में विशेष निगरानी

राज्य के मेलों, धार्मिक आयोजनों और बड़े सार्वजनिक कार्यक्रमों में ड्रोन लगातार उड़ान भरेंगे। असामाजिक तत्वों पर आसमान से कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस का मानना है कि इससे अपराध की घटनाओं में कमी आएगी और कानून व्यवस्था बेहतर होगी।

### तकनीक और मानव शक्ति का समन्वय

'ड्रोन कवच' अभियान के तहत ड्रोन पायलटों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। डीजीपी राजीव कुमार शर्मा ने इसे सुरक्षित आकाश, सुरक्षित राजस्थान की दिशा में बड़ा कदम बताया है। यह पहल पुलिसिंग को अधिक तेज, सटीक और प्रभावी बनाने में मददगार साबित होगी।

### नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील

राजस्थान पुलिस ने नागरिकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या आपात स्थिति में तुरंत '112' पर सूचना देने को कहा गया है। पुलिस का कहना है कि जनता और पुलिस के सहयोग से ही सुरक्षित और सजग समाज का निर्माण संभव है।

# एसबीआई जनरल इंश्योरेंस को उपभोक्ता आयोग की फटकार

## बीमा उपभोक्ताओं को पॉलिसी की शर्तें सरल व स्पष्ट भाषा में बताना जरूरी

सुरेन्द्र शर्मा

**झुंझुनू ( नवयत्न )।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग झुंझुनू ने स्वास्थ्य बीमा क्लेम का भुगतान नहीं करने के मामले में एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी के रवैये को कानून की पवित्रता के विपरीत बताते हुए कड़ी टिप्पणी की है।

आयोग ने कहा कि बीमा कंपनियों का दायित्व है कि वे बीमा उपभोक्ताओं को पॉलिसी की शर्तें सरल, स्पष्ट एवं पारदर्शी भाषा में उपलब्ध करवाएं ताकि उपभोक्ता अपने अधिकारों और दायित्वों को भली-भांति समझ सके। आयोग के अध्यक्ष मनोज कुमार मील एवं सदस्य प्रमेन्द्र कुमार सैनी की पीठ ने यह निर्णय सुनाया। परिवादी प्रदीप कुमार निवासी ग्राम पीपली, तहसील सूरजगढ़ ने आयोग में प्रस्तुत परिवाद में बताया कि उसका बैंक खाता एसबीआई की लुहारु शाखा में था तथा बैंक के माध्यम से एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी की समूह स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी ली गई थी। बीमा अवधि 10 दिसंबर 2016 से 9 दिसंबर 2017 तक प्रभावी थी तथा इसके लिए 3600 रुपये प्रीमियम जमा कराया गया था। परिवादी ने आयोग को बताया कि जुलाई 2017 में हृदय रोग के चलते जयपुर के फोर्टिस एस्कॉर्ट अस्पताल में भर्ती होकर उपचार कराया गया, जिसमें ऑपरेशन एवं वाल्व प्रत्यारोपण सहित लगभग 3 लाख 94 हजार 194 रुपये खर्च हुए। उपचार के बाद बीमा कंपनी के समक्ष क्लेम प्रस्तुत किया गया तथा मांगे गए दस्तावेज भी उपलब्ध करवाए गए, इसके बावजूद कंपनी ने क्लेम का भुगतान नहीं किया। बीमा कंपनी ने अपने जवाब में दावा किया कि आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराए गए, इसलिए क्लेम नो क्लेम कर दिया गया। साथ ही कंपनी ने क्षेत्राधिकार और आवश्यक पक्षकार नहीं बनाए जाने जैसी तकनीकी आपत्तियां भी उठाई। आयोग ने अपने निर्णय में स्पष्ट किया कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के अनुसार झुंझुनू आयोग को मामले की सुनवाई का पूर्ण क्षेत्राधिकार प्राप्त है क्योंकि परिवादी झुंझुनूं जिले का निवासी है तथा बीमा पॉलिसी में भी उसका पता झुंझुनूं जिले का अंकित है।

आयोग ने कहा कि उपभोक्ता अपने निवास स्थान के क्षेत्राधिकार वाले आयोग में परिवाद प्रस्तुत कर सकता है। आयोग ने विस्तृत सुनवाई के बाद माना कि परिवादी ने अस्पताल के बिल, रसीदें एवं उपचार संबंधी दस्तावेज रिकॉर्ड पर प्रस्तुत किए थे और बीमा कंपनी उपभोक्ता के दावे को खारिज करने के लिए कोई ठोस आधार प्रस्तुत नहीं कर सकी। आयोग ने यह भी माना कि बीमा कंपनी लंबे समय तक मामले को उलझाने के लिए एक ही प्रकार की आपत्तियां दोहराती रही। निर्णय में आयोग ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम का उद्देश्य उपभोक्ताओं को त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध करवाना है लेकिन बीमा कंपनी का रवैया इस भावना के विपरीत रहा। आयोग ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विधिक बिंदुओं का अंतिम रूप से निस्तारण हो जाने के बाद भी उन्हें बार-बार दोहराना न्याय प्रक्रिया को प्रभावित करने वाला आचरण है। आयोग ने माना कि बीमा कंपनी द्वारा सेवा में कमी बरती गई तथा उपभोक्ता को अनावश्यक रूप से परेशान किया गया। आयोग ने एसबीआई लुहारु शाखा एवं एसबीआई जनरल इंश्योरेंस कंपनी को संयुक्त रूप से आदेश दिया कि वे परिवादी को उपचार पर खर्च हुई 3 लाख 94 हजार 194 रुपये की राशि परिवाद प्रस्तुत करने की दिनांक 20 फरवरी 2018 से भुगतान तक 9 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित अदा करें। साथ ही मानसिक एवं शारीरिक कष्ट के लिए 45 हजार रुपये तथा परिवाद व्यय के रूप में 5 हजार 500 रुपये भी अदा करने के निर्देश दिए गए। परिवादी की ओर से पैरवी एडवोकेट राजेंद्र सिंह बुडानिया ने की।

### कोबरी-सार



# युवा एथलीट्स को बढ़ावा देने के लिए लॉन्च किया एनर्जाइज इंडिया कैंपेन

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** डाबर की ओर से इंस्टेन्ट एनर्जी ड्रिंक डाबर ग्लुकोज ने युवाओं में खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने तथा देश भर की स्पोर्ट्स एकेडमियों के युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए एक कैंपेन एनर्जाइज इंडियालॉन्च किया है। इस कैंपेन के तहत डाबर ग्लुकोज ने शुक्रवार को ऐम बैडमिंटन अकादमी जयपुर में एनर्जी एवं स्टैमिना मैनेजमेन्ट पर एक विशेष जागरुकता सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर जाने-माने डॉक्टर और विशेषज्ञ भी मौजूद रहे। सत्र के दौरान एथलीट्स को बताया गया कि किस तरह से वे खेल केदौरान अपने परफोर्मेन्स को बेहतर बना सकते हैं और अपनी पूर्ण क्षमता का उपयोग कर सकते हैं। डाबर ने इस एकेडमी के टॉप एथलीट्स कोसम्मानित भी किया। डाबर इंडिया लिमिटेडमार्केटिंग हैड और हेल्थ सप्लीमेंट्स अमित गर्ग ने बताया कि युवा एथलीट्स को एनर्जी एवं स्टैमिना के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए वह एनर्जाइज इंडिया कैंपेन लेकर आए हैं। यह कैंपेन उन्हें अपने खेल में एनर्जी के साथ बेहतरीन परफोर्मेन्स देने के लिए प्रेरित करेगा। डाबर एथलीट्स, खेल प्रशंसकों और उन लोगों के लिए परफेक्ट ब्राण्ड है जो एक्टिव लाईफ स्टाईल जीना चाहते हैं। डाबर ग्लुकोज इंस्टेन्ट एनर्जी देता है, ऐस में यह खासतौर पर उन एथलीट्स के लिए बेहतरीन है जो फिजिकल एक्टीविटीज करते हैं। ऐम बैडमिंटन अकादमी मुख्य कोच महेश चंदेल ने एनर्जी सैशन के दौरान युवा एथलीट्स को बताया कि खेल में अच्छा परफोर्मेन्स देने केलिए पोषण और हाइड्रेशन बहुत जरूरी है। इस सत्र के दौरान उन्हें बताया गया कि वे किस तरह अपने स्टैमिना और धैर्य में सुधार ला सकते हैं। जो एथलीट के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।



# जस शो 2026 में मुख्य अतिथि होंगे डायमंड उद्योग के दिग्गज मावजीभाई पटेल

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर की ओर से आयोजित देश के प्रतिष्ठित जेम्स एवं ज्वेलरी व्यापारिक आयोजन जस शो 2026 इस वर्ष और अधिक भव्य और ऐतिहासिक रूप में आयोजित किया जाएगा। आयोजन को लेकर एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि विश्व की अग्रणी डायमंड निर्यातक कंपनियों में शामिल किरण जेम्स के चेयरमैन एवं संस्थापक मावजीभाई पटेल उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। ज्वैलर्स एसोसिएशन जयपुर के अध्यक्ष राजू मंगोड़ी वाला और जस शो कन्वीनर अशोक माहेश्वरी ने बताया कि मावजीभाई पटेल की कंपनी किरण जेम्स आज दुनिया की प्रमुख पॉलिश्ड डायमंड कंपनियों में गिनी जाती है। कंपनी का वार्षिक डायमंड निर्यात 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक



बताया जाता है। साथ ही कंपनी ने 50 हजार से अधिक लोगों को रोजगार से जोड़कर उद्योग जगत में विकास और विश्वास का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 1985 में स्थापित किरण जेम्स का नेटवर्क कई देशों में फैला हुआ है। कंपनी रफ डायमंड की प्रोसेसिंग, कटिंग, पॉलिशिंग और अंतर्राष्ट्रीय निर्यात के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभा रही है। गुणवत्ता, पारदर्शिता और नैतिक व्यापारिक मूल्यों के कारण कंपनी ने वैश्विक बाजार में मजबूत पहचान बनाई है। एसोसिएशन सचिव अजय गोधा ने कहा कि मावजीभाई पटेल ने भारतीय हीरा उद्योग में बड़े स्तर पर रोजगार सृजन किया है और निर्यात क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त किए हैं। उनके नेतृत्व में किरण जेम्स ने वैश्विक ग्राहकों के बीच भरोसे और गुणवत्ता के आधार पर विशेष प्रतिष्ठा हासिल की है। उन्होंने बताया कि मावजीभाई पटेल सामाजिक सरोकारों में भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनकी कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी गतिविधियां शिक्षा, स्वास्थ्य, कर्मचारी कल्याण और सामाजिक उत्थान से जुड़ी हुई हैं। विद्यालयों में सहयोग, छात्र सहायता, चिकित्सा सेवाएं और जरूरतमंद वर्गों की मदद जैसे कार्य उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

पदाधिकारियों ने कहा कि अरबों डॉलर के कारोबार का नेतृत्व करने के बावजूद मावजीभाई पटेल अपनी सादगी और विनम्रता के लिए उद्योग जगत में विशेष पहचान रखते हैं। जस शो 2026 में उनकी उपस्थिति जेम्स एवं ज्वेलरी उद्योग से जुड़े व्यापारियों, उद्यमियों और युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी।

# मैंगो फेस्टिवल 21 जून को



निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** आरसीडब्ल्यूएस की ओर से आयोजित होने वाले मैंगो फेस्टिवल 2026 का पोस्टर शुक्रवार को ड्रीम इम्पैक्ट स्कूल में लॉन्च किया गया। इस दौरान आरसीडब्ल्यूएस के सदस्यों ने स्कूल के प्रतिभाशाली बच्चों के साथ समय बिताया और आत्मीय संवाद किया। इस कार्यक्रम में बच्चों और अतिथियों को हापुस, केसर और बंगनपल्ली सहित विभिन्न प्रसिद्ध आमों का स्वाद चखाया गया। साथ ही बच्चों को स्टेशनरी सामग्री वितरित की गई। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मनोज मुदगिल मौजूद रहे। आरसीडब्ल्यूएस की फाउंडर संयोगिता शर्मा एवं दीपम शर्मा ने बताया कि मुख्य मैंगो फेस्टिवल 2026 का आयोजन 21 जून को आरआईसी में शाम 5 बजे से रात 9 बजे तक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि फेस्टिवल में हापुस, केसर, बंगनपल्ली, दशहरी, लंगड़ा और चौसा सहित 20 से अधिक प्रजातियों के आमों का प्रदर्शन और स्वाद उपलब्ध रहेगा। इसके अलावा आम और सेहत विषय पर विशेषज्ञों की स्वास्थ्य वार्ता, मैंगो क्वीन अवार्ड प्रतियोगिता तथा ड्रीम इम्पैक्ट स्कूल सहित विभिन्न स्कूलों के बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजन का मुख्य आकर्षण होंगी। आयोजकों ने बताया कि फेस्टिवल का उद्देश्य स्वस्थ खानपान की आदतों को बढ़ावा देना और फलों के राजा आम की विविधता व पोषण संबंधी गुणों से लोगों को परिचित कराना है।

# कुम्हार कुमावत महासभा ने सौंपा ज्ञापन



जयशंकर जांगिड़

**झुंझुनू (नवयत्न)।** कुम्हार कुमावत महासभा झुंझुनू के जिलाध्यक्ष अशोक कुमावत के नेतृत्व में जिला कलेक्टर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसमें श्रीखाटूश्याम बाबा के धार्मिक स्थल पर आये दिन श्रद्धालुओं के साथ मारपीट की सूचना मिलती रहती है। 27 मई को असामाजिक तत्वों ने करण कुमावत नामक लड़के को बेखौफ पशुओं की तरह बर्बरता से जानलेवा हमला किया, बेहद इंसानियत को शर्मसार करने वाला है। खाटूश्याम बाबा के मन्दिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिये आते है इन्हे देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाई की मांग कर इस मामले की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषियों के खिलाफ कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। हम श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आपसे उचित कदम उठाने का अनुरोध किया गया। इस मौके पर सुशील प्रजापति, अशोक प्रजापति, योगेन्द्र कुमावत, पिन्टु कुमावत, मनोज कुमावत, योगेन्द्र कुण्डलवाल आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राजस्थान यूनिवर्सिटी में आरएलपी का हंगामा

## दो दर्जन प्रदर्शनकारियों को लिया हिरासत में

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी और छात्र नेताओं ने शुक्रवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान पुलिस और छात्रों के बीच तीखी झड़प हो गई। हालात बिगड़ने पर पुलिस ने बल प्रयोग करते हुए करीब दो दर्जन प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया जबकि अन्य छात्रों को मौके से खदेड़ दिया गया। छात्र नेता कमल चौधरी ने बताया कि भैराणा में प्रस्तावित इंडस्ट्रियल एरिया और आरएलपी सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल द्वारा मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल पर की गई विवादित टिप्पणी के बाद यह विरोध प्रदर्शन आयोजित किया गया था। भाजपा नेताओं की ओर से बेनीवाल के बयान की आलोचना के विरोध में आरएलपी कार्यकर्ता और छात्र विश्वविद्यालय परिसर में जुटे है।



जहां प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए विश्वविद्यालय से बाहर विरोध मार्च निकालने का प्रयास कर रहे थे, लेकिन पहले से तैनात पुलिस ने बैरिकेड्स लगाकर उन्हें रोक दिया। इस दौरान पुलिस और छात्रों के बीच धक्का-मुक्की और बहस शुरू हो गई, जो बाद में उग्र हो गई। स्थिति नियंत्रण से बाहर होने पर पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को हटाने के लिए बल प्रयोग किया। इस कार्रवाई के दौरान कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया गया। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और पुलिस ने लाठियां भांजते हुए भीड़ को तितर-बितर किया।

प्रदर्शन में शामिल छात्र नेता कमल चौधरी ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार छात्रसंघ, पंचायत और नगरीय निकाय चुनाव समय पर नहीं करा रही है तथा विभिन्न मुद्दों पर जनता परेशान है। आरएलपी नेता लादूराम गोदारा ने कहा कि बेरोजगारी, किसानों की समस्याओं और महिलाओं पर बढ़ते अत्याचारों को लेकर जनता नाराज है। वहीं मानाराम ढोलिया ने कहा कि भैराणा धाम से जुड़े आंदोलन की सरकार ने अनदेखी की है और छात्र हितों के मुद्दे को लेकर विश्वविद्यालय से आवाज उठाई गई है।

# फ्लिपकार्ट डिलीवरी में फर्जीवाड़ा करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी में ऑनलाइन शॉपिंग कंपनियों और डिलीवरी नेटवर्क को निशाना बनाकर महंगे मोबाइल और इलेक्ट्रॉनिक सामान हड़पने वाले एक हाईटेक गिरोह का जामडोली थाना पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने फ्लिपकार्ट से महंगे आईफोन, एंड्रॉयड फोन और आईपैड मंगाकर असली प्रोडक्ट निकालने और उनकी जगह डमी प्रोडक्ट रखकर धोखाधड़ी करने वाले तीन शातिर आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस आरोपियों के कब्जे से करीब पांच लाख रुपए कीमत के चार महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। फिलहाल आरोपितों से पूछताछ की जा रही है। पुलिस उपायुक्त जयपुर पूर्व रंजिता शर्मा ने बताया कि जामडोली थाना पुलिस ने फ्लिपकार्ट से महंगे आईफोन, एंड्रॉयड फोन और आईपैड मंगाकर असली प्रोडक्ट निकालने और उनकी जगह डमी प्रोडक्ट रखकर धोखाधड़ी करने वाले





अनिल चौधरी निवासी जयपुर ग्रामीण, भरत जागा निवासी दौसा और राहुल मीणा निवासी करौली हाल राजविहार कॉलोनी जामडोली को गिरफ्तार हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से एक आईफोन और तीन प्रीमियम सैमसंग एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किए हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि आरोपित ऑनलाइन महंगे मोबाइल और गैजेट ऑर्डर करते थे। डिलीवरी के दौरान असली सामान निकालकर उसकी जगह हूबहू दिखने वाले नकली डमी प्रोडक्ट पैक कर देते थे, जिससे कंपनी और डिलीवरी पार्टनर को भारी आर्थिक नुकसान पहुंचता था। पुलिस अब आरोपितों से पूछताछ कर शेष मोबाइल, आईपैड और इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। इसके अलावा इस मामले में डिलीवरी नेटवर्क से जुड़े अन्य संदिग्धों की भूमिका की भी जांच की जा रही है। थानाधिकारी रतन सिंह कविया ने बताया कि 13 अप्रैल 2026 को लोड शेयर डिलीवरी कंपनी के संचालक धीरज सिंह ने जामडोली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि फ्लिपकार्ट के 15 असली प्रोडक्ट्स की जगह डिलीवरी चैन में किसी ने डमी प्रोडक्ट रख दिए। वहीं मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आलोक सिंघल एवं सहायक पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सुथार के सुपरविजन में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने तकनीकी सहायता और ट्रैकिंग के जरिए जामडोली के राजविहार कॉलोनी स्थित एक ठिकाने पर दबिश देकर तीन आरोपितों को धर-दबोचा।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को दी श्रद्धांजलि



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** राष्ट्रीय लोक दल के स्थानीय कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चौधरी चरण सिंह की 39 वीं पुण्यतिथि संकल्प पूर्वक मनाई और उनको श्रद्धांजली अर्पित की। जेबी रोड पर आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष भँवरलाल गहलोत ने कहा कि भारत रत्न चौधरी चरणसिंह की देश की आम जनता को मजबूत करने की राजनीति को चौधरी अजीत सिंह ने आगे बढ़ाया। अब उन्हीं चौधरी चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी, भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री व शिक्षा राज्य मंत्री की जिम्मेदारी पर रहते हुए देश को मजबूत कर रहे हैं। कार्यक्रम में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष इलियास खान, हाकम अली अगवान, समीर खान खोखर, राजेश बैंगानी, तोलसिंह, सुरेश दर्जी, कैलाश बागवान, हीरालाल शर्मा, राहुल, सलीम गुरावा, अशफाक लीलू आदि शामिल हुए।

# दो दिवसीय बाईसा स्नेह मिलन समारोह आज से

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** सीकर जिले के जोरावर नगर में दो दिवसीय बाईसा स्नेह मिलन समारोह का आगाज 30 मई शनिवार से होने जा रहा है। समारोह को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और आयोजन स्थल को राजपूती संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी साथ ही समारोह स्थल की भव्य तरीके से सजाया गया है। कार्यक्रम को लेकर गांव की महिलाओं और बाईसा में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। जोरावर नगर शेखावत परिवार कार्यक्रम आयोजन समिति के अनुसार यह समारोह 30 और 31 मई तक चलेगा, जिसमें कई सांस्कृतिक और पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। समारोह का मुख्य उद्देश्य गांव की बाईसा और बहुओं को एक मंच पर लाकर आपसी मेलजोल बढ़ाना और वर्षों पुराने रिश्तों को फिर से मजबूत करना है। कार्यक्रम में लंबे समय बाद एक-दूसरे से मिलने वाली महिलाओं के बीच परिचय सत्र भी रखा गया है, जहां वे अपने अनुभव साझा करेंगी। आयोजन समिति का कहना है कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में ऐसे आयोजन सामाजिक एकता और परंपराओं और संस्कृति को जीवित रखने का काम करेगा। दो दिवसीय समारोह के दौरान राजपूती संस्कृति की विशेष छटा देखने को मिलेगी। महिलाओं द्वारा पारंपरिक वेशभूषा में लोकगीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इसके अलावा गांव भ्रमण कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें ऊंट और घोड़ों के साथ पारंपरिक शोभायात्रा निकाली जाएगी। इस दौरान ग्रामीण संस्कृति और परंपराओं का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। समारोह में गांव की बेटियों और बहुओं की भी विशेष भागीदारी रहेगी। आयोजन समिति के सदस्यों के अनुसार कार्यक्रम में सामाजिक समरसता, पारिवारिक मूल्यों और संस्कृति को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया जाएगा। आयोजन को सफल बनाने के लिए आयोजन समिति के सदस्यों द्वारा पिछले कई दिनों से तैयारियां की जा रही थी, जिन्हें अब अंतिम रूप दे दिया गया है। आयोजन समिति ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक शामिल होकर इस सांस्कृतिक आयोजन का हिस्सा बनने की अपील की है। समारोह को लेकर उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# हरिदेव जोशी विश्वविद्यालय में 1 जून से प्रवेश प्रक्रिया शुरू

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रक्रिया 1 जून से शुरू होगी। इच्छुक विद्यार्थी 30 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। प्रवेश संबंधी विस्तृत जानकारी और आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध होंगे। विश्वविद्यालय में तीन वर्षीय बीए-जेएमसी, चार वर्षीय बीए-जेएमसी ऑनर्स इन मीडिया स्टडीज तथा स्नातकोत्तर स्तर पर एमए मीडिया स्टडीज, एमए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, एमए विज्ञापन एवं जनसंपर्क, एमए न्यू मीडिया और एमए विकास संचार पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिए जाएंगे। इसके अलावा स्ववित्तपोषित पीजी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में पीजी डिप्लोमा इन डेस्कटॉप पब्लिशिंग, फोटोग्राफी, ब्रॉडकास्ट जर्नलिज्म और पब्लिक हेल्थ एंड मास कम्युनिकेशन के लिए भी आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विश्वविद्यालय के कुलगुरु नन्द किशोर पांडेय ने बताया कि सभी पाठ्यक्रम नई शिक्षा नीति एनईपी-2020 के अनुरूप संचालित किए जा रहे हैं। पाठ्यक्रमों में सैद्धांतिक ज्ञान के साथ कौशल विकास पर विशेष जोर दिया गया है। मीडिया क्षेत्र की बदलती जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और भारतीय ज्ञान परंपरा आईकेएस से जुड़े विषयों को भी शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों को डिजिटल क्लासरूम, कंप्यूटर लैब, स्टूडियो और समृद्ध पुस्तकालय जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं ताकि वे व्यावहारिक और तकनीकी प्रशिक्षण भी प्राप्त कर सकें।

# भारत विकास परिषद का दायित्व ग्रहण समारोह आयोजित



नंदलाल गौड़

**लोसल (नवयत्न)।** भारत विकास परिषद शाखा लोसल की ओर से वीर सावरकर जयंती पर महेश्वरी समाज भवन में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह भी रखा गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर सावरकर और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं वंदेमातरम् के साथ हुआ। भारत विकास परिषद के प्रांत अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, जिला समन्वयक गणेश नारायण शर्मा व परिषद के जिला सह समन्वयक डॉ आर एस जाजू ने वीर सावरकर के जीवन संघर्ष पर प्रकाश डालते हुए भारत विकास परिषद के प्रकल्पों के साथ समाज के कमजोर वर्गों की सेवा, पारदर्शिता, महिला सहभागिता, पर्यावरण संरक्षण और संस्कारों के महत्व पर विस्तृत मार्गदर्शन दिया। भारत विकास परिषद शाखा लोसल की महिला संयोजक प्रिया चौधरी ने कहा कि भारत विकास परिषद के प्रकल्प संपर्क, सहयोग, संस्कार, सेवा और समर्पण के दायित्व को हर संभव पूरा करने का प्रयास करूंगी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों सहित नवनियुक्त सदस्यों का दुपट्टा ओढ़ाकर स्वागत व सम्मान किया गया। समारोह में कोषाध्यक्ष सूरजमल जाटोलिया ने गत वर्ष का आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया। परिषद के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद मिश्रा ने सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन परिषद के शाखा सचिव श्रवण सिंह भीराणा ने किया।

# ओला बने प्रदेश अध्यक्ष

कृष्ण कुमार गांधी



**सूरजगढ़ (नवयत्न)।** कुन्नी लाल ओला निवासी कुलोठ खुर्द को राष्ट्रीय किसान मोर्चा पंजीकृत संगठन का राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ओला के मनोनयन को लेकर पूरे क्षेत्र के किसानों में खुशी का माहौल बना हुआ है। राष्ट्रीय किसान मोर्चा पंजीकृत संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा ओला के संगठन की नीतियों, विचारों एवं उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने सहित किसानों की आवाज को प्रभावी ढंग से उठाने पर सचिन सरोहा के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है। ओला ने कहा कि वो पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा के साथ संगठन में अपने कृतव्य का निर्वहन करेंगे।

# राहगीरों के लिए की शीतल जल व्यवस्था



निलेश मुद्गल

**झुंझुनू (नवयत्न)।** वंदे-गंगा जल संरक्षण जन अभियान के अंतर्गत जलदाय विभाग झुंझुनूं टीम द्वारा प्राइवेट बस स्टैंड पंचदेव मंदिर के पास राहगीरों के लिए भीषण गर्मी को देखते हुए शीतल जल की व्यवस्था की गई। सहायक अभियंता पुनीत कुमार सैनी व जलदाय विभाग की समस्त टीम द्वारा शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ किया गया। महावीर इंटरनेशनल जॉन चेयरमैन डॉक्टर एसएन शुक्ला ने भीषण गर्मी में जल सेवा कार्य के लिए सरकार व जलदाय विभाग की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम में सहायक अभियंता पुनीत सैनी, कनिष्ठ अभियंता योगिता, साक्षी, निकिता, शशिकांत, सीताराम, छोटेलाल, संतरा देवी, मनोज, सुभाष, राकेश एवं काफी संख्या में शहर वासी व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महापुरूषों की मूर्तियां जल्द स्थापित हो : गोदारा



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद कार्यालय के बाहर चल रहा धरना लगातार 27 वें दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। अजय ढ़ेनवाल के नेतृत्व में चल रहे धरने पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, पूर्व देहात अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल, कांग्रेस नेता रामचंद्र गोदारा, अमजद खान कायमखानी, मेहराज उल हसन, ओंकारमल मेघवाल, जेठाराम यादव, इकबाल खान कायमखानी, मनोज गुलेरिया, तरूण सियोता, बिलाल भूरान, रेखाराम मेहरड़ा सहित अनेक लोगों ने शिरकत की। सभी धरनार्थियों ने नेहरू पार्क में बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर, महाकवि कन्हैयालाल सेठिया, स्वतंत्रता सेनानी गिरीशचन्द्र मिश्र की मूर्तियां स्थापित किए जाने की मांग की। इस दौरान कांग्रेस नेता रामचंद्र गोदारा ने कहा कि आज देशभर में आम लोगों को जो अधिकार मिले हैं, वो बाबा साहेब की देन हैं, इसलिए जल्द से जल्द प्रशासन को नेहरू पार्क में महापुरूषों की मूर्तियां स्थापित करने की परमिशन देनी चाहिए।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई



निसं

**तारानगर (नवयत्न)।** जाट भवन तारानगर में शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर सभी ने चरणसिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। तारानगर विधायक नरेंद्र बुडानिया, जाट महासभा तारानगर के अध्यक्ष हरीसिंह बेनीवाल, वैदिक कन्या छात्रावास के अध्यक्ष जीताराम जांदू ने चौधरी चरण सिंह के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला व उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। इस अवसर पर केप्टन मदन कालेर, रामस्वरूप झाझडिया, राजेंद्र भाकर, शीशपाल धींधवाल, रामजीलाल कुलड़िया, मोहरसिंह ज्याणी, बजरंग सिहाग, मंगल महला, अविनाश गोदारा, भोजराज महला, बन्नेसिंह मोगा, भगतसिंह भाकर, दिलबाग कस्वा, चंदन डोटासरा आदि अनेक लोग मौजूद रहे।

# आयुक्त पारीक की कार्यशैली बनी चर्चा का विषय



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** नगरपरिषद के कार्यवाहक आयुक्त व तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक की कार्यप्रणाली चर्चा का विषय बनती जा रही है। दरअसल जब से गिरधारीलाल पारीक को नगरपरिषद आयुक्त का चार्ज मिल है, तब से कार्य दिवस में नगरपरिषद जाते हैं और प्रतिदिन सुबह और दोपहर बाद नगरपरिषद की प्रत्येक शाखा में जाकर कार्यों की प्रगति रिपोर्ट लेते हैं। प्रतिदिन कर्मचारियों को आवंटित टास्क में से कितना काम वो कर पाये हैं, इसकी भी जानकारी आयुक्त पारीक द्वारा ली जा रही है। आयुक्त गिरधारीलाल पारीक ने बताया कि नगरपरिषद सेवा प्रदाता है और लोगों को बेहतर सेवाएं कैसे मिले, इसलिए लिए मॉनिटरिंग की जाती है। पारीक ने बताया कि लोगों को पट्टे, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, विवाह प्रमाण पत्र, इजाजत तामीर आदि सेवाएं देने के लिए कर्मचारियों की समय समय पर मॉनिटरिंग होने से जनता को समय पर सेवाएं उपलब्ध हो जाती हैं, साथ ही कर्मचारियों की कार्यक्षमता भी बढ़ती है, इसलिए दिन में दो बार प्रत्येक प्रभारी के पास जाकर प्रगति रिपोर्ट ली जाती है, साथ ही कर्मचारियों को आ रही दिक्कतों की भी जानकारी मिलती है। दूसरी ओर आयुक्त ने यूडी टेक्स का काम कर रहे कर्मचारियों से कहा कि लोगों को टेक्स के नोटिस देकर आते वक्त उनको ये जरूर बताईये कि आपने जबसे सम्बंधित प्रॉपर्टी का क्रय किया है, उपयोग-उपभोग शुरू किया है, उस समय से ही आपके यूडी टेक्स लगेगा ताकि लोगों में यूडी टेक्स से सम्बंधित भ्रांतियों का निवारण हो सके। वहीं रोज आयुक्त द्वारा नगरपरिषद कार्यालय की विकास, स्थापना, डिस्पैच सहित अन्य शाखाओं में जाकर निरीक्षण करने से कर्मचारियों की कार्य के प्रति जवाबदेही बढ़ रही है।

# पूर्व सीएम विजयन के घर ईडी कारवाई के विरोध में रैली निकाल फूंका पीएम का पुतला

संजय सोनी

**झुंझुनू (नवयत्न)।** भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण शिविर के दूसरे दिन के पहले सत्र में दिल्ली यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर राजीव कुँवर ने पार्टी कार्यक्रम पर बात करते हुए कहा कि गरीब मजदूर छात्र नौजवान के लिए संघर्ष करने की आवश्यकता है। देश की संपत्ति को देश विदेश की निजी कंपनियों के हवाले किया जा रहा है जिसके लिए माकपा आखरी सांस तक मजबूती से लड़ाई लड़ेगी। उसके बाद केरल के पूर्व मुख्यमंत्री पिनरई विजयन के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई के विरोध में अम्बेडकर भवन से कलेक्ट्रेट तक रैली निकाल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। माकपा कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार और नरेंद्र मोदी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सीकर सांसद कामरेड अमराराम ने कहा कि केंद्र सरकार केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर लोकतन्त्र को कमजोर करने और विपक्ष के नेताओं को निशाना बना कर विपक्ष को कमजोर करने की साजिश कर रही है। भादरा के पूर्व विधायक कामरेड बलवान पूनिया ने केंद्र सरकार पर हमला करते हुए कहा कि केरला में पिनरई विजयन ने 10 साल सत्ता में रहते हुए ऐतिहासिक काम किए हैं। केरला देश का पहला ऐसा राज्य बना जिसने अति-गरीबी खत्म करने की दिशा में बड़े कदम उठाए। इसके बाद प्रशिक्षण का दूसरा सत्र शुरू हुआ जिसमें कामरेड आर अरुण कुमार ने पार्टी संगठन पर बात करते हुए कहा कि हम जनता की जनवादी क्रांति के लिए काम कर रहे हैं। यह क्रांति तीन मुख्य वर्गीय दुश्मनों पूंजीपति, जमींदार और साम्राज्यवाद के खिलाफ जनता का जनवादी मोर्चा करेगा। कामरेड आर अरुण कुमार ने पार्टी प्रतिज्ञा, पार्टी सदस्यता के रिकॉर्ड, सदस्यता नवीनीकरण के पांच सूत्रीय मापदंड, पार्टी सदस्यता की जाँच, मेंबरशिप फीस, पार्टी सदस्यों के कर्तव्य और अधिकार, अखिल भारतीय पार्टी कॉंग्रेस, केंद्रीय समिति, पार्टी के संविधान पर विस्तृत चर्चा की।

आजल तीसरे दिन के पहले सत्र में वरिष्ठ पोलित ब्यूरो सदस्य वृंदा करात संबोधित करेगी।



# खनन के खिलाफ ग्रामीणों का आक्रोश, रैली निकाल सौंपा ज्ञापन

हरीश देवन्दा

**नीमकाथाना (नवयत्न)।** उपखंड के निकटवर्ती ग्राम मंढोली में खनन पट्टा संख्या 60 को लेकर ग्रामीणों का विरोध तेज हो गया है। बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने खेतड़ी मोड़ से उपखंड कार्यालय तक आक्रोश रैली निकालकर एसडीएम राजवीर यादव को ज्ञापन सौंपा और प्रस्तावित खनन पर तत्काल रोक लगाने की मांग की। रैली के दौरान ग्रामीणों ने पहाड़ बचाओ-गांव बचाओ, खनन से होता है प्रदूषण भारी, रोक दो ये लूट, बचाओ धरती हमारी जैसे नारों के साथ विरोध जताया। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपे ज्ञापन में बताया कि खनन पट्टा संख्या 58, 59, 60 एवं 61 ग्राम पंचायत मंढोली की चरागाह भूमि एवं आबादी क्षेत्र के समीप प्रस्तावित हैं, जहां वर्षों से ग्रामीणों और पशुपालकों का



पारंपरिक उपयोग होता आ रहा है। इससे पहले आयोजित महापंचायत में ग्रामीणों ने साफ शब्दों में कहा कि गांव की पहाड़ी पर किसी भी कीमत पर खनन नहीं होने दिया जाएगा।

ग्रामीणों का कहना है कि पहाड़ी पर चार से पांच धार्मिक मंदिर स्थित हैं, जिनकी आस्था से पूरा गांव जुड़ा हुआ है। सरपंच विमला देवी ने बताया कि खनन होने की स्थिति में मंदिरों को नुकसान पहुंच सकता है, वहीं पहाड़ी के आसपास बसे 100 से अधिक मकानों पर भी खतरा मंडरा जाएगा। सरपंच प्रतिनिधि मुरारी यादव ने बताया कि खनन पट्टे के विरोध में गांव-गांव जनसंपर्क और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पर्यावरणीय स्वीकृति तत्काल निरस्त कर खनन पट्टा रद्द किया जाए। ग्रामीण सुरेश शर्मा ने कहा कि यदि पहाड़ी को खनन के लिए आवंटित किया गया तो पूरा गांव उजड़ जाएगा।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण किसी भी हाल में पहाड़ को नष्ट नहीं होने देंगे। ग्रामीणों का आरोप है कि खनन गतिविधियों से धार्मिक आस्था प्रभावित होगी, साथ ही धूल, शोर और भारी मशीनों के संचालन से जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि पर्यावरण प्रभाव आकलन में गांव की वास्तविक आबादी, चरागाह भूमि, पशुधन निर्भरता और सामूहिक पर्यावरणीय प्रभाव का सही मूल्यांकन नहीं किया गया। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रस्तावित खनन परियोजना की उच्च स्तरीय स्वतंत्र जांच करवाई जाए तथा जांच पूरी होने तक सभी खनन गतिविधियों पर रोक लगाई जाए। इस दौरान सैकड़ों महिला पुरुष मौके पर मौजूद रहे।

# पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत विशेष अभियान 1 जून से

निसं

**चूरू (नवयत्न)।** स्थानीय निकाय निदेशालय, राजस्थान निर्देशानुसार जिले की समस्त नगरीय निकायों में 01 जून 2026 से 30 जून, 2026 तक पीएम स्वनिधि योजना अन्तर्गत विशेष अभियान लगाये जाएंगे। इस संबंध में जिला कलक्टर ने आदेश जारी कर समस्त नगरीय निकायों को विशेष अभियान का गंभीरता एवं सक्रियता के साथ सफल संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। एडीएम अर्पिता सोनी ने बताया कि अभियान अंतर्गत 01 जून से 30 जून, 2026 तक जिला मुख्यालयों, नगरीय निकाय स्तर पर लोक कल्याण मेला, स्वनिधि महोत्सव सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर चूरू नगरपरिषद द्वारा लोक कल्याण मेला के साथ-साथ, पाक्षिक रूप से दो बार स्वनिधि महोत्सव भी आयोजित किया जाएगा, जिनका उद्देश्य पीएम स्वनिधि योजना के अंतर्गत लाभान्वित स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिवारजनों की सफलता की कहानियों एवं उपलब्धियों का उत्सव मनाना तथा योजना के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। उन्होंने बताया कि स्वनिधि महोत्सव के दौरान स्ट्रीट वेंडर से उद्यमी बनने तक की यात्रा सम्बन्धी सफलता की कहानियों को साझा करना, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान, महिला एवं दिव्यांग स्ट्रीट वेंडर्स का सम्मान, स्ट्रीट वेंडर्स के बच्चों को शिक्षा, खेल एवं कला के क्षेत्र में उपलब्धियों हेतु पुरस्कार प्रदान करना, ऋणदात्री बैंकों संस्थाओं द्वारा स्ट्रीट वेंडर्स हेतु नवीन वित्तीय उत्पादों का परिचय आदि गतिविधियां आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान जिले के समस्त नगरीय निकायों के स्तर पर लोक कल्याण मेला आयोजित कर ऋण आवेदन, ऋण स्वीकृति एवं वितरण, बैंकों द्वारा लौटाये गये आवेदनों का निस्तारण, क्रेडिट कार्ड आवेदन, डिजिटल ऑनबोर्डिंग, यूपीआई/क्यूआर कोड एक्टिवेशन, वित्तीय साक्षरता, बैंकर्स-वेडर्स मीट एवं विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने हेतु शिविर आयोजित किए जाएंगे। पीएम स्वनिधि योजना के तहत पथ विक्रेताओं एवं सड़क पर सेवा दे रहे असंगठित क्षेत्र के व्यक्तियों यथा हॉकर, गिग वर्कर्स, भवन निर्माण श्रमिक, दस्तकार, ट्रांसपोर्ट वर्कर्स, रेग पिकर आदि जो प्रत्यक्ष रूप से आमजन को सेवाएं उपलब्ध कराते है, को लाभान्वित किया जाएगा। लोक कल्याण मेलों के दौरान वेंडर मोबिलाइजेशन, ऋण स्वीकृति एवं वितरण, बैंकों द्वारा लौटाए गये आवेदनों का निस्तारण, डिजीटल ऑनबोर्डिंग, क्रेडिट कार्य, स्ट्रीट फूड वेंडर लाभार्थियों का प्रशिक्षण, सामाजिक-आर्थिक प्रोफाइलिंग आदि कार्य किए जाएंगे। एडीएम सोनी ने बताया कि अभियान के तहत समस्त नगरीय निकायों में प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार नियमित रूप से शिविर आयोजित किया जाना है। इन शिविरों में जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, स्थानीय शाखाओं के प्रतिनिधि, स्वनिधि से समृद्धि कार्यकम से सम्बद्ध विभागों के प्रतिनिधि द्वारा भी भाग लेंगे।

उन्होंने बताया कि अभियान हेतु विस्तृत कार्ययोजना एवं दिनवार कार्यक्रम तैयार कर समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। अभियान अंतर्गत सप्ताह के दिवस बुधवार एवं शुक्रवार के अलावा मोबिलाइजेशन का कार्य किया जाएगा तथा प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को क्षेत्र की बैंकों से समन्वय कर, बैंकों प्रतिनिधियों को शिविरों में बुलाकर ऋण स्वीकृति एवं संवितरण की कार्यवाही सम्पादित की जाएगी। सभी नगरीय निकाय एवं ग्रामीण सेन्सस टाउन में प्रत्येक बुधवार एवं शुक्रवार को लोक कल्याण मेलाध्स्वनिधि कैम्प आयोजित किया जाएगा।

# नगर की विभिन्न संस्थाओं ने दी दानमल भोजक को श्रद्धांजलि



निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** दी यंग्स क्लब सभागार में गुरुवार देर शाम वरिष्ठ समाजसेवी स्व. दानमल भोजक की सार्वजनिक स्मृति सभा में नगर की विभिन्न संस्थाओं ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था संरक्षक तनसुख राय रामपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई श्रद्धांजलि सभा में यंग्स क्लब के सचिव महावीर मिरणका ने क्लब अध्यक्ष निर्मल भूतोड़िया के संदेश का वाचन किया। वहीं क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने दानमल भोजक को क्लब का स्तंभ बताते हुए संस्था की प्रगति में उनके अवदान को रेखांकित किया। स्मृति सभा में लायन्स चैरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सरोज कुमार छाबड़ा, बार एसोसिएशन के प्रतिनिधि एडवोकेट निरंजन सोनी, विश्व हिन्दू परिषद से सुभाष पारीक, अर्थायाम फाउण्डेशन के शिवशंकर शर्मा, गांधी आश्रम के सुभाष बेदी, राष्ट्रीय जाट महासभा राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष धर्मेंद्र कीलक, रामनिवास गुर्जर, लायन्स क्लब के कमल तापड़िया, मरूदेश संस्थान के सचिव कमलनयन तोषनीवाल, गाड़ोदिया चौरिटेबल ट्रस्ट के शंकरलाल गोयनका, शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज से नीरजा शर्मा, हारे का सहारा टीम के श्यामसुंदर स्वर्णकार, जुगल खेल संस्थान के नवल किशोर जांगिड़, पेंशनर्स समाज के प्रतिनिधि प्रभुदयाल स्वामी, सहायक अभियंता राजेंद्र प्रजापत, पीसीबी स्कूल के प्राचार्य रणवीर महरिया, डॉ अरूणा सोनी, सिंघी मंदिर ट्रस्ट से हेमराज नाहटा, जाजोदिया ट्रस्ट के जगदीश सिंह, आईएमए के डॉ सत्यनारायण जांगिड़, जेबीएम आई हास्पीटल के डॉ अपूर्व कोटिया आदि ने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्राचार्या कमला पारीक, पार्षद पंकज घासोलिया, विमल मिश्रा, पवन छाबड़ा, पवन सोनी, विजय कुमार खेतान, प्रशांत पारीक, राजेंद्र कनोई, मनीष सोनी, हरि भोजक, गिरधर भोजक लाडनूं, निरंजन पीपलवा, देवकिशन मालपानी, एडवोकेट तिलोक मेघवाल, प्रेम तूनवाल, सीए अभिषेक पौद्दार, राजेश सुंदरिया, क्लब प्रतिनिधि विमल भूतोड़िया, निर्मल बोकड़िया, प्रकाश, जितेंद्र, सुशील भूतोडिया, गोपाल बी चोटिया, अंकित चोटिया, दानमल भोजक के पुत्र देवेंद्र, योगेंद्र, पुत्र वधु वीणा भोजक, पौत्री प्रेक्षा, यशस्विनी सहित अनेक परिवारजन उपस्थित रहें। सभा के अंत में शांतिपाठ पूनमचंद सारस्वत ने किया। दो मिनट के मौन के साथ स्मृति सभा का समापन हुआ। संचालन साहित्यकार डॉ घनश्याम नाथ कच्छावा ने किया।

## जिले के नोटिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करने की मांग

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** सुजानगढ़ जिला बनाओ संघर्ष समिति के संयोजक नरसाराम फलवाड़िया, अध्यक्ष गोपाल सोनी ने प्रदेश के राज्यपाल व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भेजकर सुजानगढ़ को जिला बनाने के नोटिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता पुरुष 151330, महिला मतदाता 137786 कुल 289117 मतदाताओं की ओर से निवेदन है कि निवर्तमान कांग्रेस की राज्य सरकार ने उच्च स्तरीय गठित समिति की अनुशंसा से मालपुरा टोंक, कुचामन सिटी नागौर, सुजानगढ़ तीन जिलों की घोषणा तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा 6 अक्टूबर 2023 को की गई थी। उसके बाद चुनाव की आदर्श संहिता लागू होने से चार दिन पहले नोटिफिकेशन एवं सीमांकन की पूर्ति अल्प समय में संभव नहीं हो पाई, फिर भी बाई लेटरल मंत्रिपरिषद की स्वीकृति प्राप्त कर ली गई। इस बीच सरकार बदल गई और भाजपा की नई सरकार ने सत्ता संभाल ली। लेकिन सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र की 289117 मतदाताओं की जनभावना सुजानगढ़ को जिला बनाने की मांग 31 माह से नोटिफिकेशन एवं सीमांकन में अटक रखा है। इसलिए जन भवनाओं को मध्यनजर रखते हुए जिले के नोटिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा किया जावे। ज्ञापन की प्रति विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली को भी भेजी गई है।

# जलभराव से आमजन परेशान, ग्रामीणों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

निसं

**खेतड़ी (नवयत्न)।** खेतड़ी उपखंड क्षेत्र के गांव बसई में बारिश के बाद वार्ड नंबर एक व दो सहित मुख्य बाजार में जलभराव से आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को लेकर ग्रामीणों और व्यापारियों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि हाल ही में हुई बारिश के कारण मुख्य मार्ग से लेकर बाजार की गलियों तक गंदा पानी व कीचड़ भर गया है। नालियों की उचित सफाई व जल निकासी व्यवस्था



नहीं होने के कारण सड़कों पर घुटनों तक पानी जमा हो गया। इससे आमजन को पैदल चलने और वाहनों की आवाजाही में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बदबूदार गंदा पानी दुकानों के भीतर तक पहुंच गया है, जिससे व्यापार पूरी तरह प्रभावित हो रहा है और व्यापारियों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है। वहीं गंदगी फैलने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने कहा गया कि बारिश के दौरान हर बार यही स्थिति बनती है और प्रशासन को कई बार अवगत करवाने के बावजूद अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं किया गया। ग्रामीणों और व्यापारियों ने प्रशासन से जल्द जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करवाने और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी करने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई कि यदि तीन दिनों के भीतर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो प्रभावित ग्रामीण और व्यापारी उपखंड कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होंगे। इस मौके पर सुभाष सिंह, पंकज कुमार, लक्की, श्यामसुंदर, विकास भार्गव, जगमोहन, रमेश, सज्जन सिंह, सुमन, कांता, सुशीला, अनिता सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# जाखल की टपू सेना बनी राहगीरों के लिए राहत



निसं

**बुगाला (नवयत्न)।** जेठ महीने की भीषण गर्मी और तपती धूप के बीच बाबा सुंदरदास गोपाल गौशाला जाखल के बाहर बाइपास रोड पर प्रतिदिन शीतल जल सेवा का सराहनीय कार्य किया जा रहा है। अध्यक्ष प्रतापसिंह मूंड ने बताया कि यहां राह चलते यात्रियों और श्रद्धालुओं को ठंडा पानी व शरबत पिलाकर राहत पहुंचाई जा रही है। इस सेवा कार्य की विशेष बात यह है कि इसकी पूरी जिम्मेदारी बच्चों की टपू सेना ने संभाल रखी है। निकेन्द्र, प्रमोद, अंकित, दक्ष, पुनित, प्रियांशु, ललित, कार्तिक, सिद्धांत एवं शालू जैसे छोटे-छोटे बच्चे प्रतिदिन दोपहर बाद गौशाला पहुंचकर सेवा में जुट जाते हैं। बच्चे पहले यात्री विश्राम गृह की साफ-सफाई करते हैं, टेंट लगाकर छाया की व्यवस्था बनाते हैं तथा पानी का छिड़काव कर वातावरण को ठंडा बनाते हैं। इसके बाद अनुशासित तरीके से ठंडा शरबत तैयार कर राहगीरों और गौशाला आने वाले श्रद्धालुओं को बड़े विनम्र भाव से पिलाते हैं। इन्होंने संकल्प लिया है कि पूरे जेठ महीने तक यह सेवा निरंतर जारी रखी जाएगी। राहगीर भी बच्चों की इस सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए उन्हें आशीर्वाद दे रहे हैं। गौशाला परिवार ने आमजन से भी इस पुनीत कार्य में समय निकालकर सहयोग करने की अपील की है।

## सम्पादकीय

# कर्नाटक में परिवर्तन



आखिरकार कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरमैया ने त्यागपत्र दे दिया और उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के उनकी जगह आसीन होने का रास्ता साफ हो गया। कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा लंबे समय से हो रही थी और इसे लेकर खींचतान भी जारी थी, लेकिन कुछ तय नहीं हो पा रहा था। शिवकुमार का दावा था कि 2023 में सरकार गठन के समय सिद्दरमैया और उनके बीच ढाई-ढाई वर्ष तक सत्ता संभालने की सहमति बनी थी, पर कांग्रेस नेतृत्व ने इसकी पुष्टि नहीं की।

अब तीन वर्ष बाद नेतृत्व परिवर्तन होना यह बताता है कि वास्तव में दोनों नेताओं में बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनने का समझौता हुआ था और उससे कांग्रेस आलाकमान भी अवगत था। यदि ऐसा था तो फिर छह माह की देरी क्यों हुई? यह प्रश्न कांग्रेस नेतृत्व और विशेष रूप से राहुल गांधी की विफलता को दर्शाता है। इसलिए और भी, क्योंकि कहा जा रहा है कि नेतृत्व परिवर्तन तब सुनिश्चित हो पाया, जब प्रियंका गांधी ने हस्तक्षेप किया। यदि यह सच है तो यह पुराना सवाल फिर से उठेगा कि आखिर राहुल गांधी समय पर फैसला क्यों नहीं ले पाते? ध्यान रहे कि कांग्रेस अध्यक्ष भले ही मल्लिकार्जुन खरगे हों, लेकिन पार्टी के बड़े फैसले राहुल गांधी ही लेते हैं। त्यागपत्र देने को तैयार हुए सिद्दरमैया ने यह तो माना कि आलाकमान ने जैसा कहा, वैसा किया, पर वे राज्यसभा आने को तैयार नहीं। एक तरह से उन्होंने कांग्रेस नेतृत्व को यह संदेश दिया कि वे संतुष्ट नहीं हैं और अपने हिसाब से राज्य की ही राजनीति करेंगे। हालांकि उनके त्यागपत्र देने पर शिवकुमार ने पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया, लेकिन यह कहना बहुत कठिन है कि दोनों के रिश्ते सामान्य बने रहेंगे और कर्नाटक कांग्रेस में गुटबाजी को बढ़ावा नहीं मिलेगा। इसकी अनदेखी न की जाए कि इसके पहले बारी-बारी से नेतृत्व करने को लेकर राजस्थान और छत्तीसगढ़ में इसी तरह की खींचतान हुई थी। राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच ढाई-ढाई साल तक सत्ता संभालने को लेकर तनातनी जारी रही तो छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल और टीएस सिंह देव के बीच। कांग्रेस नेतृत्व न तो इन दोनों राज्यों में अपने नेताओं के झगड़े को सुलझा पाया और न ही यह साफ कर पाया कि उनमें ढाई-ढाई साल तक मुख्यमंत्री रहने का समझौता हुआ था या नहीं?

पंजाब में उसने नवजोत सिंह सिद्धू को संतुष्ट करने के लिए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह को पद छोड़ने के लिए बाध्य किया तो इसके नतीजे में वहां ऐसी गुटबाजी पनपी कि पार्टी को बुरी पराजय का सामना करना पड़ा। कांग्रेस राजस्थान और छत्तीसगढ़ भी नहीं बचा पाई। कर्नाटक में क्या होगा, यह दो साल बाद होने वाले विधानसभा चुनाव ही बताएंगे।

## विशेष आलेख

# ग्रेट निकोबार परियोजना से बढ़ी चीन की बेचैनी



ग्रेट निकोबार द्वीप, मलक्का जलडमरूमध्य के पश्चिमी प्रवेश द्वार से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में स्थित है। इस भौगोलिक निकटता के कारण, निकोबार द्वीपसमूह हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच होने वाले वैश्विक व्यापार के लिए एक अत्यंत रणनीतिक समुद्री चौकी बन जाता है।

पेइचिंग के हाईतियन ज़िले में रनमिन यूनिवर्सिटी शोध के लिए प्रसिद्ध है। यहां चीनी विदेश रणनीति अध्ययन केंद्र के निदेशक जिन कैनरोंग ने अपने निजी वी-चैट अकाउंट पर प्रकाशित एक हालिया टिप्पणी में तर्क दिया, कि चीन की लंबे समय से चली आ रही 'मलाक्का दुविधा' अब और भी गंभीर होती जा रही है। चीन को डर है, कि मलाक्का जलडमरूमध्य पर उसकी भारी निर्भरता उसकी रणनीतिक कमज़ोरी बन सकती है। न्यूज़ एजेंसी रायटर्स ने अप्रैल में रिपोर्ट दी थी कि चीन के कच्चे तेल के आयात का लगभग 75 प्रतिशत हिस्सा मलाक्का जलडमरूमध्य से होकर गुज़रता है, जबकि यह जलडमरूमध्य वैश्विक व्यापार का लगभग 22 फीसद और समुद्री तेल का 29 प्रतिशत हिस्सा संभालता है।

जिन कैनरोंग ने लिखा कि पहले चीन की चिंताएं मुख्य रूप से अमेरिका पर केंद्रित थीं, जिसकी वैश्विक नौसैनिक पहुंच में हिंद महासागर में दिएगो गार्सिया और सिंगापुर में चांगी नौसैनिक अड्डे जैसे ठिकाने शामिल हैं। उन्होंने कहा, लेकिन अब, भारत की भूमिका बढ़ रही है। यदि भारत ग्रेट निकोबार पर अपनी उपस्थिति मज़बूत करता है, तो इससे भारत को चीन की अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण एक संकरे समुद्री मार्ग (चोकप्वाइंट) पर अधिक प्रभाव डालने की शक्ति मिल सकती है।

भारत सरकार द्वारा ग्रेट निकोबार द्वीप पर लगभग 10 अरब डॉलर यानी लगभग 1 लाख करोड़ रुपये की लागत से 'ग्रेट निकोबार विकास परियोजना' पर काम किया जा रहा है। इस रणनीतिक पहल का मुख्य उद्देश्य भारत के सबसे दक्षिणी छोर को एक विशाल वाणिज्यिक और सैन्य केंद्र में बदलना है। इस महात्वाकांक्षी परियोजना का लक्ष्य गलाथिया खाड़ी में एक बड़ा ट्रांसशिपमेंट बंदरगाह (पोर्ट), अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, एक नई टाउनशिप और 450 मेगावाट का गैस और सौर ऊर्जा संयंत्र शामिल है। रणनीतिक रूप से मलक्का जलडमरूमध्य के पास स्थित यह केंद्र हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन की बढ़ती गतिविधियों (जैसे 'स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स') का मुकाबला करने में भारत की नौसैनिक क्षमता को बढ़ावा देगा।

इस पोर्ट के जरिए भारत अपने ट्रांस-शिपमेंट कार्गो के लिए सिंगापुर और कोलंबो जैसे विदेशी बंदरगाहों पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा। पूर्ण क्षमता पर, इस बंदरगाह से सालाना 1.6 करोड़ ट्वेंटी-फुट इक्विवेलेंट यूनिट्स (टीईयूएस) का संचालन होने का अनुमान है। भारत सरकार द्वारा 2021 में शुरू की गई यह योजना तेजी से विकास की ओर बढ़ रही है। सबसे बड़ी दिक्कत वर्षा वनों के बड़े पैमाने पर कटने की आशंका को लेकर पर्यावरणविदों और मानवाधिकार समूहों की चिंता है।

प्रोफेसर जिन कैनरोंग ने चीन को तीन सुझाव दिए हैं—पहला, चीन को एक अधिक शक्तिशाली 'ब्लू-वॉटर नेवी' (गहरे समुद्र में काम करने वाली नौसेना) बनानी चाहिए। चीन को अपने विमानवाहक पोत बेड़े के विकास में तेज़ी लानी चाहिए, और चीन के सबसे नए तथा सबसे उन्नत विमानवाहक पोत 'फुचियान' को जल्द से जल्द युद्ध के लिए तैयार करना चाहिए।

दूसरा, चीन को उन मार्गों पर काम में तेज़ी लानी चाहिए जो मलाक्का को बाईपास करते हैं। जिन ने म्यांमार के पश्चिमी तट पर स्थित चीन-समर्थित गहरे समुद्र के बंदरगाह 'क्याउकप्यू', प्रस्तावित चीन-म्यांमार रेलवे, और म्यांमार से चीन के दक्षिण-पश्चिमी युन्नान प्रांत की राजधानी कुनमिंग तक जाने वाली तेल और गैस पाइपलाइनों की ओर इशारा किया। उन्होंने थाईलैंड के प्रस्तावित 'क्रा लैंड ब्रिज' का भी ज़िक्र किया—जो सड़क और रेल मार्ग के ज़रिए थाईलैंड की खाड़ी और अंडमान सागर को जोड़ने की एक योजना है—और इसे इस जलडमरूमध्य पर चीन की निर्भरता कम करने का एक और तरीका बताया।

तीसरा, चीन को ताइवान मुद्दे का समाधान करना चाहिए। जिन ने तर्क दिया कि यदि पेइचिंग, ताइवान के प्रश्न को सुलझा लेता है, तो उसे पूर्वी चीन सागर और दक्षिण चीन सागर में अपनी गतिविधियों के लिए अधिक गुंजाइश मिल जाएगी। वहां से, चीन मलक्का के पास अपने हितों की रक्षा करने की बेहतर स्थिति में होगा।

भले ही चीन और भारत सीमा पर वर्षों के तनाव के बाद अपने संबंधों को सावधानीपूर्वक स्थिर करते दिख रहे हैं, जिनकी टिप्पणी से पता चलता है, कि रणनीतिक अविश्वास अब भी कितना गहरा है। ग्रेट निकोबार परियोजना से यह भी पता चलता है कि भारत को लेकर चीन की चिंताएं अब केवल ज़मीनी सीमा तक ही सीमित नहीं हैं। भारत को अब तेज़ी से एक समुद्री प्रतिद्वंद्वी के रूप में देखा जा रहा है, जो हिंद महासागर और दक्षिण-पूर्व एशियाई समुद्री मार्गों तक चीन की पहुंच को प्रभावित कर सकता है, और भारत संभवत: पेइचिंग की सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक जीवन-रेखाओं में से एक के पास अपना प्रभाव बढ़ा सकता है।

ग्रेट निकोबार द्वीप, मलक्का जलडमरूमध्य के पश्चिमी प्रवेश द्वार से लगभग 150 किलोमीटर (90 नॉटिकल माइल) उत्तर-पश्चिम में स्थित है। इस भौगोलिक निकटता के कारण, निकोबार द्वीपसमूह हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के बीच होने वाले वैश्विक व्यापार के लिए एक अत्यंत रणनीतिक समुद्री चौकी बन जाता है। अंडमान सागर के रास्ते मलक्का जलडमरूमध्य में प्रवेश करने या उससे बाहर निकलने के लिए जहाज़ों को 'सिक्स डिग्री चैनल' से होकर गुज़रना पड़ता है, जिससे वैश्विक शिपिंग मार्ग सीधे भारतीय क्षेत्र के निकट आ जाते हैं। इस निकटता के कारण, भारत इस महत्वपूर्ण मार्ग को सुरक्षित रखने और उस पर निगरानी रखने के लिए अपनी नौसैनिक अवसंरचना का बड़े पैमाने पर विस्तार कर रहा है, और ग्रेट निकोबार पर एक विशाल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल का निर्माण कर रहा है। सिंगापुर जलडमरूमध्य के फ़िलिप्स चैनल में अपने सबसे संकरे बिंदु पर, मलाक्का जलडमरूमध्य की चौड़ाई सिर्फ़ 1.7 मील (2.7 किमी) है; इससे एक प्राकृतिक रुकावट पैदा होती है, साथ ही जहाज़ों के टकराने, ज़मीन से टकराने या तेल फैलने का भी खतरा बना रहता है। सालों से, यह जलडमरूमध्य समुद्री डकैती और व्यापारिक जहाजों पर हमलों का एक बड़ा केंद्र रहा है।

टैंकर ट्रैकर 'वोरटेक्सा' के आंकड़ों के अनुसार, 'यह संकरा और भीड़भाड़ वाला जलमार्ग पेइचिंग के लिए रणनीतिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण रहा है, क्योंकि चीन के समुद्री रास्ते से होने वाले कच्चे तेल के आयात का लगभग 75 फीसद हिस्सा इसी रास्ते से मध्य पूर्व और अफ्रीका से होकर गुजरता है।' होनोलुलु स्थित ईस्ट-वेस्ट सेंटर की एडजंक्ट फेलो, निलंथी समरनायके ने ग्रेट निकोबार प्रोजेक्ट को भारत की 20 साल पुरानी ज़रूरत का सबसे नया अपडेट बताया। समरनायके ने कहा, 'अब जो बात अलग है, वह यह है कि इस प्रोजेक्ट को लेकर अब ज़्यादा तेज़ी दिख रही है।'

निश्चित रूप से अपनी ऊर्जा सुरक्षा और चीन पर दबाव बनाये रखने के लिए निकोबार पोर्ट का विकास आवश्यक है। मगर, इस जगह वर्षा वनों के काटे जाने का विकल्प केंद्र सरकार ने क्या ढूंढ़ा है, उसे भी एड्रेस करना उतना ही ज़रूरी है।

## आज का राशिफल

### मेष
रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी।

### वृष
शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। आय में वृद्धि होगी। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी। स्त्री पीड़ा, कुछ लाभ की आशा करें।

### मिथुन
प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक होगा। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे। शत्रु भय रहेगा।

### कर्क
जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें। घर-बाहर अशांति रह सकती है।

### सिंह
बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

### कन्या
स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी।

### तुला
कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

### वृश्चिक
भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा। भयकारक दिन रहेगा। मशक्कत करने से लाभ होगा।

### धनु
लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। माता को कष्ट रहेगा। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी।

### मकर
पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा। पारिवारिक व्यस्तता रहेगी। आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। लेनदारी वसूल होगी।

### कुंभ
लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी। शत्रु पराजित होंगे।

### मीन
यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

## स्वास्थ्य समाचार

# आपकी ओरल हेल्थ को नुकसान पहुंचा सकती है कॉफी



कॉफी का सेवन करना हम सभी को अच्छा लगता है। खासतौर से, ठंड के मौसम में हम ना केवल सुबह-सुबह कॉफी का सेवन करते हैं, बल्कि दिनभर में कई सिप कॉफी लेना पसंद करते हैं। यह आपको एकदम से तरोताजा महसूस करवाता है। जब कभी हम ठंडक महसूस करते हैं या फिर काम करते हुए थक जाते हैं तो ऐसे में कॉफी पीने की इच्छा होती है। हो सकता है कि आप भी ऐसा ही करती होगी। यकीनन एक या दो कप कॉफी पीना सेहत के लिए काफी अच्छा होता है, लेकिन अगर आप जरूरत से ज्यादा कॉफी पीती हैं तो इससे आपकी सेहत यहां तक कि आपकी ओरल हेल्थ पर काफी बुरा असर पड़ सकता है।

**दांतों में हो सकते हैं स्टेन :** अगर आपको अब अपने दाग बदरंग या दागदार नजर आने लगे हैं तो हो सकता है कि इसके पीछे आपकी कॉफी पीने की लत हो सकती है। जब आप दिन में कई कप कॉफी पीते हैं तो ऐसे में आपके दांतों पर इसका असर पड़ सकता है। भले ही आपको अपने दांतों का सरफेस स्मूद नजर आए, लेकिन आपके दांतों को कवर करने वाली इनेमल की परत में कई दरारें होती हैं। कॉफी जैसे पेय पदार्थों के कारण कई पिगमेंट इन दरारों में एम्बेड हो जाएंगे, जिससे आपके दांतों में स्टेन नजर आ सकता है।

**इनेमल को पहुंच सकता है नुकसान :** कॉफी न केवल आपके दांतों के इनेमल के रंग को प्रभावित करती है। बल्कि जब आप इस कैफीनयुक्त ड्रिंक को अत्यधिक मात्रा में पीते हैं तो इससे दांतों के इनेमल को नष्ट भी कर सकता है। दरअसल, कॉफी में पाए जाने वाले विभिन्न एसिड आपके दांतों के इनेमल को नष्ट कर सकते हैं, जिससे फूड पार्टिकल्स और बैक्टीरिया दांतों में रिस सकते हैं। जब बैक्टीरिया दांतों और मसूड़ों के टिश्यू में रिसते हैं तो इससे कैविटीज से लेकर मसूड़ों की बीमारी का जोखिम कई गुना बढ़ जाता है।

**मुंह में सूखेपन की समस्या :** ओरल हाइजीन के लिए लार एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह आपके मुंह को नम रखता है और फूड पार्टिकल्स व बैक्टीरिया को दूर रखने में मदद करता है। लार में ऐसे कई मिनरल्स होते हैं जो दांतों के इनेमल को रिबिल्ड करने में भी मददगार साबित होते हैं। लेकिन जब आप कॉफी का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं तो इससे आपका मुंह सूख जाता है और लार का उत्पादन कम हो जाता है। जिससे आपकी ओरल हेल्थ पर भी विपरीत असर पड़ता है। जब आपके मुंह में सही तरह से लार नहीं बनती है, तो इससे मसूड़े के टिश्यू में जलन की समस्या भी हो सकती है। इतना ही नहीं, लार की कमी के कारण मसूड़ों, जीभ और मुंह के अंदर घाव विकसित हो सकते हैं।

### हो सकते हैं डेंटल डिसऑर्डर

आपको शायद जानकर हैरानी हो, लेकिन बहुत अधिक कैफीनयुक्त कॉफी पीने से आपका नर्वस सिस्टम उत्तेजित हो सकता है। इस तनाव के कारण लोगों को ब्रुक्सिज्म से लेकर अन्य कई डेंटल डिसऑर्डर की समस्या का सामना करना पड़ सकता है। यह आपके दांतों की कई परेशानियों को जन्म दे सकता है।

# गुड़ का पानी पीने से मिलेंगे यह फायदे



गुड़ का पानी शरीर के लिए बहुत फायदेमंद होता है। इसको पीने से शरीर हेल्दी रहता है। इसे पीने से शरीर गर्म रहता है और मौसमी बीमारियां भी नहीं लगती हैं। गुड़ के पानी में आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, मैग्नीशियम और विटामिन सी आदि पाए जाते हैं। गुड़ का पानी पीने से इम्यूनिटी मजबूत होने के साथ पाचन तंत्र भी हेल्दी रहता हैं। इसको नियमित पीने से शरीर की कमजोरी भी दूर होती हैं। गुड़ का पानी पीने से अपच, गैस और एसिडिटी की परेशानी भी दूर होती हैं। गुड़ का पानी शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इस पानी पीने से वजन भी तेजी से कम होता है।

**पाचन तंत्र को करें मजबूत :** गुड़ का पानी पीने से पाचन तंत्र हेल्दी रहता हैं। गुड़ का पानी पीने से शरीर का मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है और पाचन शक्ति भी मजबूत होती हैं। गुड़ का पानी पीने से पेट में गैस नहीं बनती है और पेट भी ठीक से साफ होता है। गुड़ का पानी पीने से भूख भी बढ़ती है और डाइजेशन भी मजबूत होता है।

**वजन कम करने में फायदेमंद :** गुड़ का पानी पीने से वजन कम करने में मदद मिलती हैं। इसको पीने से शरीर का एक्सट्रा फैट बर्न होता है। जिससे वजन तेजी से कम होता है। गुड़ का पानी शरीर को हेल्दी रखने में मदद करता है। इसे रोज आसानी से पीया जा सकता है।

**इम्यूनिटी को करें मजबूत :** गुड़ का पानी पीने से शरीर की इम्यूनिटी मजबूत होती हैं। गुड़ में भरपूर मात्रा में विटामिन और मिनरल्स पाए जाते हैं। इसको पीने से शरीर में इंफेक्शन भी नहीं होता हैं। गुड़ का पानी पीने से शरीर लंबे समय तक स्वस्थ रहता है। गुड़ का पानी में पाए जाने वाले एंटीऑक्सीडेंट्स इम्यूनिटी को बढ़ाते हैं।

**खून की कमी को करें दूर :** गुड़ का पानी शरीर से खून की कमी को दूर करने में मदद करता है। इसको नियमित पीने से शरीर की कमजोरी दूर होती है। यह शरीर का हीमोग्लोबीन बढ़ाने में मदद करता है। इसको नियमित पीने से शरीर में खून की कमी नहीं होती है।

# सौंफ और इलायची से आपको मिलते हैं कई फायदे

इलायची और सौंफ इन दोनों को ही आपने अपने मुंह की दुंगध को दूर करने के लिए लोगों को खाते देखा होगा। लेकिन आपको बता दें कि इन दोनों का आपकी सेहत पर गहरा असर पड़ता है। ये दोनों ही आपको उच्चतम स्वास्थ्य प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। सौंफ के अंदर पोटैशियन, आयरन, कैल्शियम व अन्य कई तत्व पाए जाते हैं। वहीं इलायची कैल्शियम, मैग्निशियम, पोटैशियम की मात्रा पाई जाती है। इन दोनों को ही पानी के साथ उबालकर पिया जाए तो इससे सेहत को कई फायदे मिलते हैं।

### पेट संबंधी रोगों को दूर करने में सहायक

आपको बता दें कि सौंफ और इलायची को पानी में उबालकर पीने से आपको पेट संबंधी रोगों में फायदा मिलता है। जिन लोगों को कब्ज, गैस, भूख न लगना, जी मिचलाना व पेट में दर्द और पेट में ऐंठन की समस्या होती है उनके लिए सौंफ व इलायची का पानी खासकर लाभकारी होता है।

### वजन को तेजी से करें कंट्रोल

मोटापे की समस्या में आप सौंफ व इलायची की चाय पी सकते हैं। इस चाय से आप अपने वजन को कुछ ही दिनों में कंट्रोल कर लेंगे। दरअसल सौंफ में फाइबर व इलायची में एंटी ऑक्सीडेंट्स होते हैं, जो शरीर से फैट कम करता है। सुबह उठकर आप इन दोनों को मिलाकर चाय पी सकते हैं।

### पीरियड्स के दौरान आराम मिलता है

सौंफ व इलायची में विटामिन, आयरन और पोटैशियम पाए जाते हैं। महिलाओं में



पीरियड्स के अनियमित होने की समस्या को ये ठीक करता हैं। इसके साथ ही पीरियड्स के समय होने वाले दर्द को भी कम करने में मददगार होता है।

### आंखों के लिए फायदेमंद

सौंफ और इलायची के पानी में ऐसे कई तत्व होते हैं जो आपकी आंखों को लंबे समय तक स्वस्थ रखते हैं। सौंफ व इलायची की चाय पीने से आपको आंखों में जलन नहीं महसूस होती है। साथ ही ये आंखों की रोशनी को भी बेहतर करता है।

### रोग प्रतिरोधक क्षमता होती है बेहतर

नियमित रूप से सौंफ व इलायची का पानी पीने से आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यून सिस्टम बेहतर होता है। इसकी वजह से आप सर्दियों में गले दर्द, सर्दी जुकाम, बुखार, खांसी आदि बीमारियों की चपेट में नहीं आते हैं। इससे आपको इंफेक्शन होने का खतरा भी कम होता है।

### कैसे पीएं सौंफ व इलायची का पानी

सौंफ व इलायची के पानी को आप दो तरह से पी सकते हैं। एक तो आप सौंफ व इलायची को पानी में डालकर रात भर रख दें। इसके बाद आप इस पानी का सेवन कर सकते हैं। दूसरा आप इन दोनों को पानी में डालकर उबाल लें और इसे चाय की तरह पिएं। आप सुबह की चाय के स्थान पर भी इसे पी सकते हैं। इससे आपको कई तरह के फायदे मिलते हैं।

# दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ

निसं

**सीकर (नवयत्न)।** भाजपा में दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान शुक्रवार से प्रारंभ हुआ। गोपीनाथ गौशाला के सामने स्थित गोविंदम मैरिज गार्डन में आयोजित प्रशिक्षण महाभियान का शुभारंभ प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा, राज्यसभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी, जिले के संगठन प्रभारी अभिषेक मटोरिया, सह प्रभारी अनिता गुर्जर, पूर्व जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ सहित वरिष्ठ नेताओं ने दीप प्रज्वलित कर किया।

## प्रदर्शनी का किया अवलोकन :

भाजपा की विकास यात्रा पर आयोजित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में जनसंघ, जनता पार्टी से भारतीय जनता पार्टी तक के सफर के छाया चित्र प्रदर्शित किए गए। उद्घाटन सत्र में पूर्व सांसद स्वामी सुमेधानंद सरस्वती, धोद विधायक गोरधन वर्मा, खंडेला विधायक सुभाष मील, पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी व केडी बाबर, किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवा, प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी मुकेश गोयल, प्रत्याशी श्रवण चौधरी, गजानंद कुमावत, प्रदेश प्रवक्ता लक्ष्मीकांत भारद्वाज, भूपसिंह पूनियां व महिपाल महला, मुख्य वर्ग प्रभारी डॉ. बीएल रणवां आदि मंचस्थ रहे। प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने प्रथम सत्र में एकात्म मानववाद, पार्टी की स्थापना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पार्टी की स्थापना अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति का लाभ पहुंचाने के लिए की गई। पार्टी के संस्थापकों ने सर्वजन हिताय को लेकर पार्टी स्थापित की थी जो आज केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राज्य में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार काम कर रही है। द्वितीय सत्र में राज्य सभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी ने पार्टी तब और अब पर प्रकाश डाला। कहा कि संगठनात्मक कार्यों के लिए पार्टी की स्थापना के समय संस्थापकों व कार्यकर्ताओं ने काफी संघर्ष किया। उन्होंने पार्टी के इतिहास व विकास पर प्रकाश डाला। कहा कि भाजपा में राष्ट्रवाद की भावना के बारे में सभी को बताना चाहिए।




यूडीएच मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने देश के गुलामी से लेकर आजादी तक संघर्ष का वर्णन किया। कहा कि जनसंघए जनता पार्टी से लेकर भाजपा की स्थापना तक के सफर में संस्थापकों ने काफी कुछ सहा था।

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने सत्रों में व्याख्यान देने के लिए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी ने तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए पार्टी की कार्य पद्धति के बारे में विस्तार से बताया। कहा कि कार्यकर्ताओं के लिए प्रशिक्षण क्यों व किसके लिए जरूरी है। कहा कि कार्यकर्ताओं को विकसित करने के लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किये जा रहे हैं। चतुर्थ सत्र को संबोधित करते आईटी की प्रदेश सहसंयोजक रेणु राठौड़ व करण सिंह ने संबोधित किया। उन्होंने आज के आधुनिक समय में कार्यों को किस प्रकार से कार्यकर्ताओं के बीच में आईटी के माध्यम से रखा जाए इस बारे में बताया।

प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने पंचम सत्र में कहा कि पार्टी के कार्यों को किस प्रकार से विस्तारित किया जाता है, किन कामों को प्रचारित किया जाता है इसके लिए प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने इसके लिए विस्तार से व्याख्यान दिया। धोद विधायक गोरधन वर्मा ने मुख्य वक्ता को कार्य विस्तार से समझाने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि भाजपा की स्थापना राष्ट्र भावना को लेकर की गई है। प्रशिक्षण वर्ग में रात्रि को सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। संचालन जिला महामंत्री राजेश रोलन ने किया।

### ईंधन बचाने की मुहिम में ईवी कार में पहुंचे प्रदेशाध्यक्ष राठौड़

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ईंधन बचाने की मुहिम को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ इलेक्ट्रीक कार से जयपुर से प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचे।

### समापन के इनका होगा व्याख्यान

जिलाध्यक्ष मनोज बाटड़ ने बताया कि 30 मई को प्रातः ध्यान, योग व व्यायाम होगा। दूसरे दिन 30 मई के सत्रों में प्रदेश प्रवक्ता पंकज मीणा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अशोक परनामी, प्रदेश प्रवक्ता रमेश नव्वाल, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां व वर्ग जिला प्रभारी मुकेश गोयल व्याख्यान देंगे। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण महाभियान में जिले भर के पार्टी के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, जिला कार्यकारिणी, मोर्चों व प्रकोष्ठों के पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता भाग ले रहे हैं।

# कथा में विभिन्न प्रसंग सुनाए

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मंदिर श्री राधागोपीनाथ में पुरुषोत्तम मास के अंतर्गत चल रहे विभिन्न भक्तिमय दिव्य महोत्सवों में चौदहवें दिवस को व्यास पीठाचार्य श्री प्रयागदासजी महाराज के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा में भगवान का मत्स्यावतार, भगवान मत्स्य द्वारा स्वयंभू मनु की रक्षा, नवीन सृष्टि निर्माण, महाराज वैवस्वत मनु, मनुवंशविस्तार, नभगवंशवर्णन, अमरीष और महर्षि दुर्वासा की कथा, इक्ष्वाकु वंश वर्णन, इक्ष्वाकु वंश में उत्पन्न महाराज मांधाता, महाराज त्रिशंकु, महाराज हरिश्चंद्र, महाराज सगर के चरित्र का वर्णन, माता गंगा का पृथ्वी पर अवतरण, महाराज भगीरथ का चरित्र, एवं दशरथ जी के पुत्र रूप में भगवान श्री राम जी के अवतरण की पावन कथा सुनाई गई।तत्पश्चात रात्रि में राम चरित्र मानस में द्वितीय कांड अयोध्या काण्ड का प्रारंभ, माता जानकी का अयोध्या नगरी में भव्य स्वागत, महाराज दशरथ के द्वारा भगवान श्री राम के राज्याभिषेक की घोषणा की कथा का रस और भावमय गान किया गया। प्रातः काल वृहत नारदीय पुराण में वर्णित पुरुषोत्तम महात्म्य कथा में पंडित सुरेश मिश्रा ने पुरुषोत्तम मास में भगवान नाम के जप का अक्षय महात्म्य पर विस्तृत चर्चा की गई। महंत डॉ मनोहर शरण दास जी ने बताया कि पुरुषोत्तम मास के मंगलमय उत्सव में प्रातः भगवान का अभिषेक कर मंगल अलौकिक स्वरूप का श्रृंगार किया गया एवं भगवान के मंगला दर्शन से शयन दर्शन तक अत्यधिक संख्या में भक्तों द्वारा भगवान की 108 प्रदक्षिणा हरे कृष्ण महामंत्र के साथ की जा रही है। मन्दिर में प्रतिदिन भगवान के सम्मुख अखंड दीपक प्रज्वलित हो रहा है।दोपहर में 2:30 बजे से 6:00 बजे तक भागवत कथा का आयोजन, संपूर्ण दिवस हरिनाम संकीर्तन, प्रात श्री वृहद् नारद पुराण की पुरुषोत्तम मास महात्म्य कथा एवं रात्रि 8से10 में रामचरित्र मानस के मास पारायण पाठ व राम कथा का भक्ति और भावमय उत्सव मंदिर मे आयोजित हो रहे है। पुरुषोत्तम मास में हरी नाम संकीर्तन और भगवान की दिव्य कथाओं का गुणगान एवं श्रवण का बहुत ही अद्भुत एवं दिव्य महत्व बताया गया जिससे प्रतिदिन बड़ी संख्या में भक्तों की श्रद्धा और समर्पण का भक्तिमय स्वरूप देखने को मिल रहा है।

# गुर्जर का इंडियन आर्मी में चयन

निसं

**उदयपुरवाटी (नवयत्न)।** उपखंड क्षेत्र के झड़ाया श्री बालाजी लाइब्रेरी झड़ाया नगर में अध्यनरत सुशील गुर्जर पुत्र रामावतार गुर्जर खातियों की ढाणी झड़ाया नगर का रहने वाला है। जिसका हाल ही में इंडियन आर्मी अग्निवीर के तौर पर सलेक्शन हुआ है। बालाजी ईमित्र व लाइब्रेरी के संचालक अशोक जांगिड़ ने शुक्रवार को बालाजी ईमित्र पर आर्मी में चयन होने वाले छात्र सुशील गुर्जर का सम्मान व स्वागत किया स आपको बता दे आर्मी में चयन होने वाले सुशील गुर्जर ने बालाजी ईमित्र पर ही आर्मी की तैयारी की थी स ई.मित्र पर सुशील गुर्जर ने ट्रॉफी देखकर अन्य छात्रों का उत्साह वर्धन किया और बताया कि जीवन में शिक्षा का क्या महत्व है एक सफल इंसान बनने के लिए क्या-क्या रास्ते अपनाने चाहिए और किस दिशा में जाना चाहिए इन सभी का महत्व बताकर सभी बच्चों को मोटिवेट किया स बालाजी ईमित्र व लाइब्रेरी संचालक अशोक जांगिड़ के अनुसार कठिन परिश्रम करने से ही सफलता अर्जित की जा सकती है। इसी के साथ सनातन हिन्दू धर्म का दुपट्टा पहना कर सम्मान किया।

इसी बीच हमारे झड़ाया धाम से जुड़े विकेश विकास जांगिड़, सुमित भी उपस्थित रहे और उन्होंने भी माता-पिता और गुरु का महत्व समझाते हुए बच्चों को संबोधन किया। सुशील गुर्जर का आर्मी में चयन होने पर जहां उनके गांव में खुशी का माहौल है वहीं आसपास के गांव में भी खुशी मनाई जा रही है। बालाजी ईमित्र व लाइब्रेरी संचालक अशोक जांगिड़ ने बताया कि आगे भी जो भी छात्र लाइब्रेरी में सरकारी नौकरी प्राप्त करें उनको इसी प्रकार सम्मानित किया जाएगा।

# संत महात्माओं के सानिध्य में 51 लाख आहुतियों के साथ पूर्णाहुति

निसं

**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** मूंडरू कस्बे के जालपाली धाम में साकेतवासी संत रामलखन दास महाराज की धूणी धाम पर हरिचरण दास महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडात्मक श्रीराम महायज्ञ की पूर्णाहुति शुक्रवार दोपहर 12:15 बजे हुई। यज्ञाचार्य श्रीनंदन मिश्र ने बताया कि महायज्ञ में 260 यजमान जोड़ों ने नो दिन में कुल 51 लाख आहुतियां प्रदान की। प्रधान कुंड पर हरिचरण दास महाराज, सुदर्शन दास महाराज, वृंदावन सुदामा कुटी आश्रम के संत अमरदास, गलतागेट के सियाराम दास महाराज, आसपुरा के गोपालदास महाराज, राममंगल दास पावटा, रामसेवक दास जयपुर, हरिशंकर दास, कान्हा दास सहित संत महात्माओं के सानिध्य में यज्ञाचार्य नंदन मिश्र ने वेदमंत्रों के साथ पूर्णाहुति कराई।

पूर्णाहुति के बाद महाआरती की और सीतारामजी महाराज को भोग लगाया। महायज्ञ संयोजक हरिचरण दास महाराज व सुदर्शन महाराज ने ब्राह्मण व संत महात्माओं को दक्षिणा देकर विदा किया। संत महात्माओं ने यजमानों को प्रवचन देकर आशीर्वाद दिया। दोपहर पूर्णाहुति के बाद भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में क्षेत्र के 50 गांवों के करीब 60 हजार लोगों ने शाम तक पंगत प्रसादी ग्रहण की।

# पेपर लीक व महंगाई के खिलाफ कांग्रेस ने किया हल्ला बोल प्रदर्शन

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** बढ़ती महंगाई, नीट पेपर लीक, बेरोजगारी, बिजली पानी संकट, पेट्रोलियम पदार्थों की मूल्य वृद्धि के खिलाफ कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने हल्ला बोल प्रदर्शन किया। शहर व देहात ब्लॉक कांग्रेस की ओर से इस हेतु गणेश मंदिर से लेकर उपखंड कार्यालय तक रैली निकालकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप तोदी ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में जनता परेशान है और सरकार मस्त है। देहात कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विद्याधर बेनीवाल ने कहा कि सरकार जल्द से जल्द बढ़ी महंगाई को वापस ले और आगे से पेपर लीक नहीं हो, ऐसी व्यवस्था करे क्योंकि नीट पेपर लीक से 22 लाख बच्चों का भविष्य दांव पर लग गया। प्रदर्शन के बाद सभी ने उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा और भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने, बढ़ी हुई पेट्रोल डीजल दरों को कम करने, महंगाई करने, बिजली पानी का संकट खत्म करने, बेरोजगारी दूर करने, पेपर लीक के समस्त दोषियों को जेल भेजे जाने की मांगे की। प्रदर्शन के दौरान इकबाल खान कायमखानी, अजय ढ़ेनवाल, रामचंद्र गोदारा, बजरंगलाल सेन, छात्र नेता हितेष जाखड़, हंसराज तंवर, कन्हैयालाल, खींवाराम, अमित मारोठिया, मोहम्मद इदरीश गौरी, ओंकाराराम, अमजद खान कायमखानी, रेखाराम, एडवोकेट सलीम खान गाजी, तरूण सियोता, बंटी लाखन, मास्टर दाउद काजी, मेहराज उल हसन, जेठाराम यादव, कुशाल सोनी, जयदीप दुगड़, पूनमचंद मेघवाल, श्रीराम भामा, आवेश राव, जाकिर क्याल, मदन सोनी, एडवोकेट सुरेश शर्मा, करणीदान चारण सहित अनेक कांग्रेस नेता व कार्यकर्तागण मौजूद रहे।




# गाय को राष्ट्र माता-राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग




निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** मुस्लिम महासभा राजस्थान की चूरू जिला इकाई के द्वारा रैली निकालकर सरकार से गाय को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई है। शहर काजी मोहम्मद अकरम रिज्वी के सानिध्य में ईदगाह मस्जिद से रैली शुरू हुई, जो उपखंड कार्यालय तक पहुंची। रैली में गौ संरक्षण को लेकर नारेबाजी करते हुए नारेबाजी की गई। उसके बाद उपखंड अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा को जिला कलक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर गाय को राष्ट्र माता और राष्ट्रीय पशु घोषित करने की मांग की गई।

इस दौरान जिलाध्यक्ष शाहिद खान, कांग्रेस नेता सिराज खान कायमखानी, इकबाल खान कायमखानी, राजा खान, इमरान खान, विक्की चौहान, सलीम गोपालपुरिया, समीर खान, सैयद अली हसन, साबिर अली चौहान, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# नेशनल हाईवे क्षतिग्रस्त होने से हो रहे है हादसे



निसं

**खेतड़ी नगर (नवयत्न)।** नानूवाली बावड़ी से सिंघाना नेशनल हाईवे मार्ग को बने एक साल भी नही हुआ, सड़क कई जगह से क्षतिग्रस्त हो गई जिसके चलते आए दिन हादसों को न्यौता दे रही है। नेशनल हाईवे सड़क निर्माण कार्य करने वाली ठेका कंपनी ने सड़क के पानी की निकासी के लिए नाली नही बनाई जिसके कारण कस्बे का पानी सड़क पर जमा हो जाने से सीसी सड़क कई जगह से दब जाने से क्षतिग्रस्त हो गई, जिसके चलते आए दिन हादसे हो रहे है। बुधवार देर शाम को नानूवाली बावड़ी से सिंघाना की तरफ से टाटा नेक्सोन गाड़ी आ रही थी, आजाद मार्केट से कुछ दुरी पर वार्ड नंबर एक के पास सड़क क्षतिग्रस्त होने के कारण गाड़ी चालक ने साईड से निकालना चाहा तो गाड़ी डिवाईडर पर चढ गई, जिससे गाड़ी क्षतिग्रस्त हो गई, गनीमत रही कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। कस्बे वासियों ने बताया कि सड़क को बने हुए एक साल भी नहीं हुआ, सड़क जगह-जगह से टूट गई। उन्होंने बताया कि वार्ड नंबर एक व दो का पानी सड़क पर जमा होता है। उन्होंने बताया कि सड़क निर्माण कार्य चल रहा था तब ठेकेदार को पानी निकासी के लिए पहले से बना हुआ सड़क के नीचे के नाले को सुचारू रूप से रखने के लिए कहा गया लेकिन ठेकेदार ने नाले को बंद कर सड़क बना डाली, आजाद मार्केट के पास सड़क के बीच डिवाईडर बना दिया लेकिन कस्बे के पानी की निकासी नहीं होने के कारण सारा पानी डिवाईडर के पास जमा हो जाता है जिससे सड़क क्षतिग्रस्त हो गई। इस संबंध में विभाग के अधिकारियों को अवगत भी करवा दिया गया लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नही की गई। जिसका खामिशाजा गुरूवार देर शाम को भी देखने को मिला। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बुधवार देर शाम करीब पौने आठ बजे खेतड़ी की तरफ से सिंघाना जा रही एक गाड़ी सड़क पर जमा गंदे पानी को बचाते हुए वाहन चालक डिवाईडर पर चढा दी, वाहन के डिवाईडर पर चढ़ने की आवाज सुन कर मौके पर पहुंच कर देखा तो गाड़ी करीब पांच मीटर तक डिवाईडर पर चढ़ गई थी जिससे वाहन क्षतिग्रस्त हो गया, गगनीमत रही गाड़ी में बैठे किसी के भी चोट नही लगी।

कस्बे वासियों ने गाड़ी को डिवाईडर से हटाया जिसके बाद आवागमन शुरू हुआ। कस्बे वासियों ने चेतावनी दी है कि चल्द ही क्षतिग्रस्त सड़क को दुरूस्त एवं पानी निकासी के लिए नाली नही बनाई गई तो बड़ा आंदोलन करेंगे।

# पुलिस ने एक ही दिन में किया चोरी का खुलासा

निसं

**सुजानगढ़ (नवयत्न)।** चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को एक ही दिन में गिरफ्तार कर लिया।

कोतवाली सीआई बैगाराम मीणा ने बताया कि बसन्ती खेतान एडवोकेट ने अपने निर्माणाधीन मकान से बिजली तथा पानी की फिटिंग का सामान, सैनेट्री सहित कुल एक लाख के सामान के चोरी हो जाने का मामला थाने में दर्ज करवाया था। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्यवाही करते हुए एक ही दिन में आरोपी गौतम निवासी वाल्मीकि बस्ती सुजानगढ़ को गिरफ्तार कर आरोपी की निशानदेही से चोरीशुदा सामान भी बरामद कर लिया। पुलिस ने मुल्जिम को एसीजेएम कोर्ट में पेश किया, जहां पर न्यायाधीश ने उसे जेल भेजे जाने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष की ओर से अभियोजन अधिकारी महेश नेहरा, एडवोकेट रजनीकांत सोनी ने पैरवी की।

# कबूतरों के आश्रय स्थल का समारोहपूर्वक लोकार्पण सम्पन्न

निसं



**श्रीमाधोपुर (नवयत्न)।** श्रीकृष्ण गौशाला अजीतगढ़ के पूर्व व्यवस्थापक रामकिशोर कारीगर की अध्यक्षता, वयोवृद्ध शिक्षाविद् एवं भामाशाह सुरजमल शिखवाल के मुख्य आतिथ्य, महेश शर्मा जयपुर, राजेश अग्रवाल तिगरिया, श्रीमाधोपुर पंचायत समिति के पूर्व प्रधान मक्खनलाल शर्मा, गायत्री परिवार के गोविन्द नारायण शर्मा, पुष्पा देवी अग्रवाल गुहाला, सीए कैलाश चंद्र सिपुरिया, सीए नितिन जोशी, युवा नेता किशन योगी, युवा नेता गोपाल मीणा, युवा नेता विक्रम यादव, दुर्गा प्रसाद जांगिड़, विकास ज्वैलर्स वाले मनीष शर्मा, शिक्षाविद् मनीष दीवान, छीतर वर्मा, अनिल गोठवाल, मूलचंद गोठवाल, नीलकमल शिखवाल, अंजु शिखवाल, मधु घोडेला, जीव सेवा समिति के कोषाध्यक्ष देवेंद्र सिंह बड़गुजर, जीव सेवा समिति के सचिव मनोज शर्मा, राकेश दायमा फतेहपुर, भोलूराम बड़सीवाल, गणेश बड़सीवाल, मूलचंद प्रजापत, जीव सेवा समिति के संरक्षक शिवरतन नरेड़ी, युवा नेता अजीत चौधरी, सुरेन्द्र जाट, महेश जोशी, महेश कांवट, गोपाल बुनकर, श्रीकृष्ण स्वामी, जीव सेवा समिति के उपाध्यक्ष रमेश शर्मा, सेवानिवृत्त शिक्षक ग्यारसीलाल जाट की उपस्थिति में त्रिवेणी धाम के परम संत श्री श्री 1008 श्री रामरिछपाल दास महाराज के कर-कमलों द्वारा कबूतर.टॉवर का भव्य लोकार्पण विधि-विधान एवं पूजा-अर्चना के साथ शुक्रवार को किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों का यथोचित स्वागत, अभिनन्दन, सम्मान किया गया। पवित्र धाम धाराजी की श्याम-वाटिका में अब शान्ति के दूत कबूतरों सहित अन्य पक्षियों को सुकूनभरा और सुरक्षित आशियाना मिल गया है। अजीतगढ़-शाहपुरा स्टेट हाइवे के पास जीव सेवा समिति अजीतगढ़ की ओर से भामाशाहों एवं दानदाताओं के सहयोग से आकर्षक पक्षी-आश्रय-स्थल का निर्माण कराया गया है। यह अनूठा आश्रय स्थल न केवल पक्षियों को सर्दी-गर्मी, बरसात, आंधी-तूफान-ओलावृष्टि से बचाएगा बल्कि अपनी सुंदर कारीगरी एवं बनावट के कारण हाईवे से गुजरने वाले यात्रियों एवं बाबा श्याम के श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगा।

अब क्षेत्र के पक्षियों, विशेषकर कबूतरों को दाना-पानी के साथ सुरक्षित आवास भी मिल गया है। पूरा धाराजी धाम अब चौबीसों घंटे पक्षियों की चहचहाहट से आबाद रहेगा।

# जेल में मिला बिना सिम का कीपैड फोन और बैटरी

निसं

**जयपुर (नवयत्न)।** राजधानी की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली केंद्रीय कारागार में सुरक्षा व्यवस्था को धता बताकर मोबाइल पहुंचने का सिलसिला थम नहीं रहा है। जेल परिसर में एक बार फिर लावारिस हालत में मोबाइल फोन मिलने का गंभीर मामला सामने आया है। जेल प्रशासन की मुस्तैदी के चलते रुटीन चेकिंग के दौरान यह मोबाइल बरामद किया गया, जिसके बाद लालकोठी थाना पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। हेड कांस्टेबल जुगल किशोर के अनुसार बुधवार शाम करीब 5:45 बजे सेंट्रल जेल प्रशासन की ओर से जेल की बैरकों और संवेदनशील इलाकों में रुटीन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान सुरक्षा प्रहरी को वार्ड नंबर-9 की बैरक नंबर-4 के पीछे बने शौचालय के पास कुछ संदिग्ध नजर आया। गहनता से जांच करने पर वहां लावारिस हालत में छिपाकर रखा गया एक काले रंग का कीपैड मोबाइल फोन बरामद हुआ।

# समाजसेवी बहड़ की स्मृति में निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर संपन्न

निसं

**सीकर (नवयत्न)।** हरिराम बहड़ सेवा संस्थान सीकर एवं सांस्कृतिक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में समाजसेवी स्व. हरिराम बहड़ की 24वीं पुण्य तिथि शुक्रवार को मनाई गई। पुण्य तिथि पर 10वाँ निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। संस्था के मंत्री श्रीराम जोशी एवं उपाध्यक्ष जानकीप्रसाद इंदोरिया ने बताया कि शिविर का शुभारंभ श्रद्धेय श्री धर्मदास महाराज, सांसद अमराराम, विधायक राजेंद्र पारीक, पूर्व सभापति जीवण खां ने स्व. बहड़ के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। धर्मदास महाराज ने कहा कि स्व. बहडजी ने अभिनय रावण का किया किंतु इनका आचरण भगवान राम जैसा रहा। सांसद अमराराम एवं विधायक राजेंद्र पारीक ने संस्थान द्वारा किये जा रहे सेवा कार्यों के प्रशंसा की तथा संस्थान से जुड़े सभी लोगों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। चिकित्सा शिविर में 135 रोगियों ने लाभ लिया तथा ऑपरेशन के लिए 25 लोगों का चयन किया गया। नेत्र रोगियों को मनसा एएसजी आई हॉस्पिटल सांवली सर्किल के पास सीकर में निःशुल्क ऑपरेशन किये जाएंगे। संस्थान के शशि बहड़ ने बताया कि संस्था द्वारा आयोजित यह 10वाँ शिविर था। इसके अलावा भी संस्था द्वारा सामाजिक सरोकार के व अन्य जनहित के कार्य भी किये जाते रहे हैं। इन्होंने टीम के सभी सदस्यों एवं शहर के गणमान्य नागरिकों, पत्रकारों व विशेष रूप से डॉ. नरेंद्र चौहान, डॉ. अमित व इनकी पूरी टीम का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम में पन्नालाल सारड़ा, ईश्वर सिंह राठौड़, दयाल सिंह शेखावत, दानवीर सिंह मांडेता, जगदीश प्रसाद चौकड़ीका, विनोद अग्रवाल, भंवर सिंह बालापोता, डॉ. राजेश ऋषिका, एड. पुरूषोतम शर्मा, मुरारी शुक्ता, पवन बहड़, रमाकांत बहड़, सुभाष बहड़, डॉ. देवेंद्र दाधीच, हुलाश तिवाड़ी, सांवरमल बालाजी, अशोक कलावटिया, गिरधारी पारीक, ओमप्रकाश पारीक, गोविंद मिश्रा, कमल डोलिया आदि मौजूद रहे।



# बेंगलुरु में मौजूद ये मंदिर करवाते हैं बेहद सुकून का अहसास

बेंगलुरु ना केवल कर्नाटक राज्य की राजधानी है, बल्कि इसका अपना एक अलग महत्व है। इस शहर में बड़ी संख्या में अलग-अलग धर्मों के लोग रहते हैं और इसलिए यहां ही धार्मिक विविधता यहां की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी दर्शाती है। यूं तो बेंगलुरु को एक कमर्शियल हब के रूप में देखा जाता है, लेकिन यहां आने वाला हर व्यक्ति आध्यात्मिक शांति का भी अनुभव कर सकता है।

## चोक्कनाथस्वामी मंदिर

यह मंदिर बेंगलुरु के डोमलूर में स्थित है और इसे यहां के सबसे पुराने मंदिरों में से एक माना जाता है। चोक्कनाथस्वामी मंदिर भगवान विष्णु को समर्पित है जिन्हें चोक्कनाथस्वामी या चोक्का पेरुमल के नाम से जाना जाता है। इस मंदिर की खूबसूरत मूर्तियों के लिए यह विशेष रूप से प्रसिद्ध है। यहां आने वाला हर पर्यटक या भक्त मंदिर की सुंदर वास्तुकला को बस देखता ही रह जाता है।

## सोमेश्वर मंदिर

सोमेश्वर मंदिर को बेंगलुरु के सर्वश्रेष्ठ मंदिरों की लिस्ट में शामिल किया जाता है। यह मंदिर उल्सूर झील के तट पर स्थित है। यह मंदिर चोल साम्राज्य के शासनकाल के दौरान बनाया गया था और इसका अपना एक अलग ऐतिहासिक महत्व है। 16वीं शताब्दी में केम्पे गौड़ा ने मंदिर का जीर्णोद्धार किया। दीवार पर की गई नक्काशी शिव और पार्वती के विवाह की कहानी को दर्शाती है। इस मंदिर की वास्तुकला निश्चित ही आपको मोहित कर देगी।

## कोटे वेंकटरमण मंदिर

कोटे वेंकटरमण मंदिर बेंगलुरु में कृष्णराजेंद्र रोड पर स्थित है और भगवान वेंकटेश्वर को समर्पित है। इस मंदिर का निर्माण 17वीं शताब्दी के अंत में मैसूर के शासक द्वारा द्रविडियन और विजयनगर शैली में किया गया था। इस मंदिर में वैकुंठ एकादशी का त्योहार बेहद ही धूमधाम से मनाया जाता है। इस दौरान मंदिर में हजारों भक्तों का हुजूम उमड़ता है।

## बनशंकरी अम्मा मंदिर

इस मंदिर का निर्माण 7वीं शताब्दी में करवाया गया है। तिलकारण्य वन क्षेत्र में स्थित होने के कारण इसे बनशंकरी या वनशंकरी मंदिर कहा जाता है। यह मंदिर देवी पार्वती के अवतार शाकंभरी को समर्पित है। यह मंदिर कर्नाटक में बेहद ही फेमस है। यहां तक कि इस मंदिर में सिर्फ कर्नाटक ही नहीं, बल्कि महाराष्ट्र से भी बड़ी संख्या में भक्त दर्शन हेतु आते हैं।

## हुलीमावु गुफा मंदिर

अगर आप बेंगलुरु घूमने के लिए जा रहे हैं तो आपको वहां पर हुलीमावु गुफा मंदिर जरूर देखना चाहिए। यह मंदिर स्वयं में बेहद ही अनूठा मंदिर है। इस मंदिर परिसर के अंदर तीन मुख्य देवता की मूर्ति मौजूद हैं। केंद्र में एक शिव लिंगम, एक देवी मूर्ति और दोनों तरफ गणेश की एक मूर्ति स्थापित की गई है।





## गवी गंगाधरेश्वर मंदिर

गवी गंगाधरेश्वर मंदिर बसवनगुड़ी के नजदीक स्थित है। यह बेंगलुरू में एक बेहद ही प्रसिद्ध शिव मंदिर है। इसे बेंगलुरू के सबसे पुराने मंदिरों में से एक माना जाता है। इस मंदिर को चट्टान से काटकर बनाया गया है।

# नेचर के बीच रहने का है मन तो जरूर एक्सप्लोर करें ये हिल स्टेशन, एडवेंचर के साथ मिलेगा सुकून

हरियाणा के औद्योगिक केंद्र फरीदाबाद में घूमने के लिए कई बेहतरीन जगह हैं। फरीदाबाद की ऐतिहासिक इमारतें और पार्क लोगों के वीकेंड को शानदार बना देती हैं। लेकिन अगर हिल स्टेशन की बात करें या फिर किसी लंबे वीकेंड पर घूमने की बात करें, तो लोग थोड़ा मुश्किल में पड़ जाते हैं कि आखिर कहां जाएं।

## मोरनी हिल्स

फरीदाबास के आसपास पड़ने वाले हिल स्टेशन में मोरनी हिल्स का नाम शामिल है। यह हरियाणा के इकलौते हिल स्टेशन के रूप में जाना जाता है। यह जगह ना सिर्फ फरीदाबाद दिल्ली के पास पड़ता है। मोरनी हिल्स में आप शिवालिक श्रृंखला को भी देख सकते हैं। यहां की हरियाली आपके मन को मोह लेगी। दिल्ली एनसीआर से काफी लोग इस जगह पर घूमने के लिए आते हैं। वहीं आप यहां पर मोरनी एडवेंचर पार्क, मोरनी किला, टिक्कर ताल और करोह पीक आदि जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**फरीदाबाद से दूरी :** 292.9 किमी



## चायल

घूमने की इस लिस्ट में दूसरे नंबर पर चायल हिल स्टेशन का नाम शामिल है। अगर आप भी शांति की तलाश कर रहे हैं, तो यह जगह आपको निराश नहीं करेगी। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में मौजूद चायल फरीदाबाद से नजदीक है। सतलुज घाटी के करीब चायल ऊंची-ऊंची चोटियों से घिरी हुई है। यहां पर आपको दुनिया का ऊंचा क्रिकेट मैदान भी देखने को मिलेगा। चायल का शांत वातावरण, सुहावना मौसम और चारों ओर की हरियाली आपको यहां पर रुकने के लिए मजबूर कर देगी। चायल में आप सिद्ध बाबा का मंदिर, चैल अभयारण्य, काली का टिब्बा और चैल गुरुद्वारा साहिब जैसी जगहों को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**फरीदाबाद से दूरी :** 381.7 किमी

## बड़ोग

घूमने के लिहाज से बड़ोग घूमने के लिए बेहतरीन जगह है। यह स्थान प्रकृति प्रेमियों के लिए किसी जन्नत से कम नहीं है। यहां पर आपको ऊंची-ऊंची चोटियों देखने को मिलेंगी। इसके अलावा यहां पर आप ट्रेकिंग का भी लुत्फ भी उठा सकते हैं। बड़ोग में आप करोल टिब्बा ट्रेक, मोहन शक्ति राष्ट्रीय विरासत पार्क, मेनरी मठ और डगशाई आदि को एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**फरीदाबाद से दूरी :** 335.5 किमी

## मसूरी

शिमला, नैनीताल की तरह मसूरी भी लोगों की पसंदीदा जगह है। सर्दी हो या गर्मी यहां पर आपको हमेशा पर्यटकों की भीड़ देखने को मिलेगी। बता दें कि एक ब्रिटिश कमांड इस जगह पर शिकार करने के लिए आए थे। उस कमांडर को इस जगह की खूबसूरती इतनी ज्यादा भा गई कि उन्होंने इसे एक बेहतरीन जगह के तौर पर बनाने का फैसला किया। वहीं धीरे-धीरे पर्यटकों को इस जगह के बारे में पता चलने लगा और देखते ही देखते यह लोगों का फेवरेट हिल स्टेशन बन गया। यहां पर आप जॉर्ज एवरेस्ट हाउस, क्राइस्ट चर्च, मसूरी झील और मसूरी हेरिटेज सेंटर आदि एक्सप्लोर कर सकते हैं।

**फरीदाबाद से दूरी :** 306.0 किमी

स्वास्थ्य

# झड़ते बालों को 1 महीने में कंट्रोल करते हैं ये योगासन

योग तन और मन को दुरुस्त रखता है, यह बात तो सभी जानते हैं। इसलिए फिटनेस के लिए रोजाना योगासन करने की सलाह दी जाती है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि योग से आप खुद को सुंदर और झड़ते बालों का इलाज भी कर सकते हैं। अगर आपके बाल भी झड़ते हैं और जरूरत से पतले हो गए हैं, तो आप अपने रूटीन में कुछ योगासनों को शामिल करें।



## बालासन

इस योगासन को करते समय आपकी मुद्रा बच्चे जैसे हो जाती है, इसलिए इसे चाइल्ड पोज के नाम से भी जानते हैं। इस योगासन को करने से ब्लड का फ्लो सिर की ओर होता है, जिससे झड़ते बालों की समस्या से छुटकारामिलता है। इसके अलावा, कई लोगों के बाल तनाव के कारण झड़ते हैं और बालासन ऐसे लोगों के लिए वरदान है।

## बालासन कैसे करें

- इसे करने के लिए सबसे पहले पीठ को सीधा करके वज्रासन में बैठ जाएं।
- अपने दोनों हाथों को ऊपर की ओर लेकर जाएं।
- फिर सांस छोड़ते हुए बैठे-बैठे ही आगे की ओर झुकें।
- सिर को नीचे की जमीन पर टिकाएं।
- पेट जांघों पर टिकाकर रखें।
- कुछ देर इस पोजिशन में रहकर पुरानी मुद्रा में वापस आ जाएं।

## अधोमुख श्वानासन

इसे डाउनवर्ड डॉग पोज के नाम से भी जानते हैं। इसे करते समय भी ब्लड का फ्लो चेहरे और बालों की तरफ होता है, इसलिए यह योगासन बालों और त्वचा के लिए अच्छा होता है।

## अधोमुख श्वानासन कैसे करें

- इसे करने के लिए बालों और हाथों के बल आ जाएं।
- फिर शरीर से टेबल की आकृति बनाएं।
- सांस छोड़ते हुए कमर को ऊपर की ओर उठाएं।
- घुटने और कोहनी को मजबूती देते हुए शरीर से उल्टा 1 आकार बनाएं।
- हाथों को कंधों और पैरों को कमर के बराबर दूरी पर रखें।
- फिर हथेलियों को जमीन पर प्रेस करें और कंधो के सहारे मजबूती दे।
- लंबी गहरी सांस लें और कुछ देर इस मुद्रा में रहें।
- फिर सांस छोड़ते हुए घुटने को मोड़े और वापस टेबल पोजिशन में आ जाएं।

## उष्ट्रासन

इसे कैमल पोज के नाम से भी जानते हैं। अन्य दो योगासनों की तरह इस आसन को करने से सिर तक ब्लड फ्लो बेहतर होता है, जो बालों के झड़ने और पतले होने की समस्या को कम करता है। इसे रोजाना करने से बाल लंबे और सुंदर भी होते हैं। यह योगासन कमर से जुड़ी परेशानियों के लिए भी बेस्ट माना जाता है।

## उष्ट्रासन कैसे करें

- इसे करने के लिए वज्रासन में बैठ जाएं।
- फिर घुटनों के बल खड़े हो जाएं।
- घुटनों से कमर तक का भाग सीधा रखें।
- पीठ को पीछे की ओर मोड़ें।
- फिर हाथों से पैरों की एड़ियां पकड़ें।
- अब सिर को पीछे की ओर झुका दें।
- कुछ देर इस मुद्रा में रहें।

# आयुर्वेद के हिसाब से ये है दूध पीने का सबसे अच्छा वक्त



दूध सुपर फूड की लिस्ट में शुमार है। दूध में इतने ज्यादा पोषक तत्व मौजूद होते हैं कि ये आपके संपूर्ण विकास को बढ़ावा दे सकता है। अक्सर डॉक्टर कैल्शियम की कमी दूर करने के दूध पीने की सलाह देते हैं। वैसे तो हमारे यहां किसी भी वक्त दूध पी लिया जाता है, लेकिन आयुर्वेद के मुताबिक दूध पीने का एक खास वक्त होता है जिससे आपको दूध का पूरा-पूरा फायदा पहुंच सकता है।

## आयुर्वेद के हिसाब किस वक्त दूध पीना ज्यादा फायदेमंद होता है?

आयुर्वेद के मुताबिक अगर आप मसल्स बिल्डिंग पर काम कर रहे हैं तो आपको सुबह दूध लेना फायदेमंद साबित हो सकता है, लेकिन इसका सबसे अच्छा वक्त शाम से लेकर सोने तक का वक्त होता है।

एक्सपर्ट के मुताबिक जब आप रात को सोने से पहले दूध पीते हैं तब आपका पाचन भी सही रहता है और आपको नींद भी अच्छी आती है। दरअसल दूध में ट्राइप्टोफैन की मात्रा होती है, यह एक अमीनो एसिड है जो सेरोटोनिन और मेलाटोनिन के उत्पादन को उत्तेजित करता है। इससे आप रात को अच्छी नींद ले सकते हैं। आयुर्वेद कहता है कि रात के वक्त दूध पीने से आपकी बॉडी कैल्शियम को ज्यादा से ज्यादा अब्जॉर्ब करती है, क्योंकि इस वक्त आप ना के बराबर एक्टिविटी करते हैं।

## दूध पीने से क्या-क्या फायदे मिलते हैं?



- दूध पीने से हड्डियों को मजबूती मिलती है और दांत भी स्ट्रांग होते हैं।
- दूध में भरपूर मात्रा में प्रोटीन होता है इस वजह से यह एनर्जी बूस्टर की तरह काम करता है।
- कब्ज की समस्या से परेशान लोगों के लिए दूध काफी फायदेमंद साबित हो सकता है
- दूध पीने से आप की थकान मिटती है और तनाव से भी राहत मिलती है।
- इससे अनिद्रा की समस्या से भी छुटकारा मिलता है।
- इसके अलावा यह आपकी इम्यूनिटी भी बूस्ट करती है

# कम पानी पीने से शरीर में बढ़ सकता है यूरिक एसिड

यूरिक एसिड एक तरह का कार्बनिक पदार्थ होता है। जो शरीर में अपशिष्ट के रूप में पाया जाता है। यूरिक एसिड को किडनी फिल्टर कर शरीर से बाहर निकालने का काम करती है। लेकिन जब शरीर में इसकी अधिकता बढ़ जाती है। तो शरीर के जोड़ों में दर्द की समस्या होने लगती है। सर्दियों के मौसम में अक्सर हम कम पानी पीते हैं। जिससे शरीर में इसकी मात्रा बढ़ने की आशंका रहती है। वहीं जिन लोगों को आर्थराइटिस या जोड़ों में दर्द की समस्या पहले से होती है। उनमें यह समस्या पानी कम पीने के कारण अधिक बढ़ जाती है। हेल्थ एक्सपर्ट्स की मानें तो इससे बचाव के लिए हमें अपनी डेली लाइफस्टाइल और डाइट में बदलाव करने की जरूरत होती है। सही लाइफस्टाइल का चुनाव कर इस समस्या से बचा जा सकता है।

## मौसमी चीजें अधिक खाए

इस समस्या से बचने के लिए गाजर, खीरा, किन्नू, संतरा और अन्य हरे पत्तेदार सब्जियों आदि का सेवन कर सकते हैं। पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। इन चीजों का सेवन करने से यह शरीर को डिटॉक्स कर यूरिक एसिड को बाहर निकालने का काम करते हैं। इसके साथ ही दही और दाल का सेवन कम करना चाहिए। इसके साथ ही आपको अपने डेली रूटीन में व्यायाम को भी शामिल करना चाहिए। इससे यूरिक एसिड कंट्रोल में



रहता है। इसलिए हर व्यक्ति को रोजाना 250 ग्राम की मात्रा में हरी सब्जी का सेवन करना चाहिए। साथ ही मौसमी फल को अपनी डाइट में शामिल करना चाहिए। आपको बता दें कि यूरिक एसिड का सीधा कनेक्शन सीधा पानी से है। वहीं पानी की कमी होने से शरीर में तेजी से यूरिक एसिड बढ़ने लगता है। इसलिए पर्याप्त मात्रा में पानी शरीर के लिए एकमात्र सबसे कारगर डिटॉक्सिफाइंग एजेंट है। डो प्यूरिन को मल-मूत्र के द्वारा बाहर निकाल देता है। लेकिन शरीर में पानी की कमी होने से शरीर में गंदगी जमा होने लगती है। इसलिए आगे चलकर यह गाउट की समस्या बन जाते हैं। अगर आप यूरिक एसिड की समस्या से जूझ रहे हैं। तो रोजाना कम से कम 10 से 12 गिलास पानी पीना चाहिए। इसलिए प्रयास करें कि पूरे दिन में ज्यादा से ज्यादा पानी पिएं। ज्यादा से ज्यादा पानी पीने से शरीर से टॉक्सिन बाहर निकल जाता है। लेकिन जब आप पर्याप्त मात्रा में पानी पीते हैं, तो धीरे-धीरे यह समस्या कंट्रोल होने लगेगी।

# चेहरे पर लगाएं दही से बने ये फेस मास्क ग्लोइंग और सॉफ्ट बनेगी आपकी स्किन

स्वस्थ रहने के लिए लोग डाइट में दही शामिल करते हैं, लेकिन क्या आपको पता है सेहत के साथ त्वचा के लिए भी दही काफी फायदेमंद होती है। दही कैल्शियन, विटामिन बी6, विटामिन बी12, विटामिन सी, प्रोटीन, पैंटोथेनिक एसिड, जिंक जैसे पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जो स्किन को हेल्दी रखने में मदद कर सकता है। फेस्टिव सीजन में अगर आप भी घर पर स्किन केयर करना चाहते हैं, तो दही एक बेहतर विकल्प के रूप में काम आ सकता है। दही के इस्तेमाल से चेहरे के दाग-धब्बे कम हो सकते हैं और पिग्मेंटेशन की समस्या से भी छुटकारा मिल सकता है।

## दही से तैयार करें हाइड्रेटिंग फेस मास्क

हाइड्रेटिंग फेस मास्क बनाने के लिए एक बाउल में दही के साथ हल्दी, एलोवेरा और शहद को डालकर मिला लें। इसके बाद इस फेस मास्क को अपने चेहरे पर बराबर मात्रा में लगाएं और 15 से 20 मिनट ड्राई होने के लिए छोड़ दें और गुनगुने पानी से चेहरे को धोकर, त्वचा पर मॉइश्चराइजर लगा लें।

## दही से बनाएं एक्सफ़ोलीएटिंग स्क्रब

दही से एक्सफ़ोलीएटिंग स्क्रब बनाने के लिए बारीक पिसी हुई दलिया को दही के साथ मिला लें। अब इससे अपने चेहरे पर सर्कुलेशन मोशन में 10 मिनट तक मालिश करें और फिर चेहरे को पानी से धो लें।



## ग्लोइंग स्किन के लिए दही फेस पैक

त्वचा को चमकदार और मुलायम बनाने के लिए दही में एक चुटकी हल्दी मिलाएं और इस पैक को अपने चेहरे पर 10 मिनट के लिए लगाकर छोड़ दें। इसके बाद गुनगुने पानी से चेहरे को साफ कर लें।

## मॉइस्चराइजिंग एजेंट के रूप में दही

चेहरे पर प्राकृतिक मॉइस्चराइजर के रूप में सादे दही को सीधे अपनी त्वचा पर लगाएं और 10 से 15 मिनट के लिए इसे सूखने दें। इसके बाद मुलायम, नमीयुक्त त्वचा पाने के लिए चेहरे को सादे पानी से धो लें।

## पिंपल फ्री स्किन के लिए दही फेस पैक

चेहरे पर पिंपल्स होने से रोकने और उन्हें ठीक करने के लिए आप दही फेस पैक का इस्तेमाल कर सकते हैं। पिंपल फ्री फेस पैक बनाने के लिए दही को शहद या खीरे के रस के साथ मिलाएं और अपनी त्वचा के प्रभावित क्षेत्रों पर लगाकर थोड़ी देर के लिए छोड़ दें और चेहरे को धो लें।

# श्रीमद् भागवत कथा में उमड़ रहा है जनसैलाब



निसं

**नोखा ( नवयत्न )।** नोखा में चाण्डक भवन में कान्हा गौ सेवा समिति और अर्केश्वर शिवालय परिवार द्वारा 25 मई 2026 से 31 मई तक दोपहर 2 बजे से सांय 6 बजे तक चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में पाँचवे दिन शुक्रवार को कथा व्यास महावीर महाराज पंचारिया ने भगवान की बाल लीलाएँ माखन चोरी, गौ चारण, वेणुगीत, चीर हरण, गोवर्धन धारण और छप्पन भोग प्रसंगों की कथाओं का हजारों की तादाद में उपस्थित नर.नारी श्रोताओं को रसस्वादन करवाते हुए ज्ञान गंगा में डुबकियां लगवाईं और उन्हें भाव विभोर कर दिया। जसवंतगढ़ के झांकी कलाकार बाबूलाल टेलर ने कथा प्रसंगानुसार माखन चोरी सजीव झांकी में कृष्ण, ग्वालबाल और गोपियों के सिर पर रखी माखन मटकी से माखन चोरी करते देख दर्शक श्रोता आनन्दित हो रहे थे। झांकी विशेषज्ञ द्वारा कथा प्रसंगानुसार छप्पन भोग गिरीराज की झांकियों से दर्शक श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। व्यासजी ने कहा गाय हमारी माता है उसमें 33 कोटी देवी देवता वास करते हैं। इसलिए हम सबको अपने घरों में गाय रखनी चाहिए और उसी का घी, दूध, दही का सेवन करना चाहिए। गौ माता की पूजा और रक्षा करनी चाहिए। महाराज ने कहा कृष्ण बाल लीला प्रसंग को समझें और उत्तम जीवन जीने के लिए सद्पुरुषों का संग करके अच्छे संस्कारवान बनें। कंस कुसंगति के कारण ही दुराचार करने लग गया था, इसी पापाचार के कारण कंस का सबकुछ नष्ट हो गया था। कन्हैया को मारने आई पूतना का भी कन्हैया द्वारा कल्याण करने की कथाए सत्तासुर उद्धार की कथा सुनाई। अर्केश्वर महादेव परिवार के इन्द्रचन्द ने प्रेसनोट जारी करके बताया कि पिछले दो दिनों से कथा में जन सैलाब उमड़ा हुआ है, इस कारण शुक्रवार को भवन की ऊपरी मंजिल बालकॉनी में भी बैठने की व्यवस्था की गई। कथा के पाँचवे दिन मुख्य श्रोता यजमान-सरला-राजेश करवा, अंजु-मुरली मोहता और आरती-केशव करवा रहे। छगनलाल दिनेश मोहता द्वारा 56 भोग प्रसादी की गई, प्रतिदिन की प्रसादी मुन्नालाल आनंद संखलेचा द्वारा की गई।

## क्षेत्र में बदला मौसम का मिजाज



निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी क्षेत्र में सूरज के तीखे तेवरों और भीषण गर्मी के बाद देर शाम को मौसम ने अचानक करवट ले ली। तेज बारिश और ओलावृष्टि से पूरे क्षेत्र में मौसम सुहाना हो गया तथा लोगों को गर्मी से बड़ी राहत मिली। बारिश शुरू होने के कुछ ही देर बाद तेज बौछारों के साथ ओले गिरने लगे, जिससे सड़कों, छतों और खुले मैदानों पर सफेद चादर सी बिछ गई। खेतड़ी सहित मेहाड़ा, मानोता जाटान, लोयल, ढाणी बाढ़ान, पपुरना और आसपास के क्षेत्रों में तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश हुई। रात के समय हुई इस ओलावृष्टि और बरसात से तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दिन में अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था, जिसके कारण दोपहर के समय बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। शाम को अचानक आसमान में काले बादल छाने लगे और ठंडी हवाएं चलने लगीं। देखते ही देखते हवा की रफ्तार बढ़ गई और उसने आंधी का रूप ले लिया। तेज हवाओं के साथ धूल और मिट्टी उड़ने लगी, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। आंधी थमने के बाद बादलों की गड़गड़ाहट तेज हो गई और रात करीब पौने नौ बजे तेज गर्जना के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। सूखी धरती पर बारिश की बूंदें गिरते ही वातावरण में ठंडक घुल गई और लोगों ने राहत की सांस ली। रातभर बादलों की तेज गड़गड़ाहट और बिजली की कड़कड़ाहट का दौर जारी रहा। मौसम विभाग के अनुसार खेतड़ी सहित उत्तर-पूर्वी राजस्थान के अधिकांश हिस्सों में 31 मई तक मौसम सक्रिय रहने की संभावना है। इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज अंधड़ चल सकता है। आसमान में बादलों की आवाजाही बनी रहेगी तथा कई स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की बारिश होने के आसार हैं। मौसम में आए इस बदलाव के कारण 30 मई के बाद हीटवेव का प्रभाव कमजोर पड़ने लगेगा। दिन और रात के तापमान में 2 से 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है। अगले दो दिनों तक दोपहर बाद तेज अंधड़ और बारिश की गतिविधियां देखने को मिल सकती हैं, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग का मानना है कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से मौसम में यह बदलाव देखने को मिल रहा है। इससे क्षेत्र में गर्मी का असर कम रहेगा और आगामी दिनों में लोगों को राहत मिलने की संभावना बनी रहेगी।

## दाधीच ने सौंपा मंत्री को ज्ञापन



निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री जय श्री दाधीच ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन सौंपकर सुजानगढ़ में पेयजल समस्या का समाधान किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में जयश्री दाधीच ने बताया है कि सुजानगढ़ में पेय जलापूर्ति 8-10 दिनों के बीच हो रही है जबकि नहरबंदी भी समाप्त हो चुकी है। इसलिए समस्या का समाधान करवाते हुए जल्द से जल्द पेयजल आपूर्ति सुचारू करवाकर जनता को राहत प्रदान की जावे।

## जागरूकता कार्यक्रम आयोजित




निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं सचिव महोदय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चूरू व तालुका विधिक सेवा समिति तारानगर के निर्देशानुसार शुक्रवार को गांव झाड़सर छोटा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी श्वेता भाकर ने ग्रामीणों को जल संरक्षण और मजदूरी और रोजगार के अधिकार के बारे में बताया। गांव में पानी और मजदूरी के मुद्दों पर लोगों को जागरूक किया। जल संरक्षण और प्रबंधन पानी एवर्षा जल संचयन, पेयजल की सुरक्षा, पानी की बर्बादी रोके और मजदूरी और रोजगार के अधिकार के बारे में बताया ग्रामीणों को मनरेगा की जानकारी दी। न्यूनतम मजदूरी और भुगतान के बारे में बताया मजदूर यूनियन समूह बनाना गांव के मजदूरों को अपने अधिकारों के लिए एक समूह बनाने के लिए प्रेरित किया ताकि वह शोषण के खिलाफ आवाज उठा सके। गांव वालों को बातचीत करने का तरीका नुक्कड़ नाटक छोटे समूह की बेठको और मुनादी का सहारा ले। उन्हें समझाया कि जल है तो कल है। और संगठित होने से ही उन्हें मजदूरी के उचित दाम और कार्यस्थल पर सुविधाएं जैसे पीने का पानीए छायाद्ध मिल सकती है। इस कार्यक्रम में गांव के सभी मुखिया लोग उपस्थित रहे।

## श्रीमद्भागवत कथा में कृष्ण बाल लीलाओं का किया वर्णन



निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** केसीसी के सनातन धर्म मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन शुक्रवार को कथा वाचक श्रीधाम बरसाना वाले पंडित बिशम्भर दयाल महाराज ने भगवान के बाल लीलाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि भगवान को माखन इसलिए अच्छा लगता हैं क्योंकि माखन भक्त का प्रतीक है। उन्होंने कथा में प्रवचन में समुन्द्र में कालीय नाग की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कालीय नाग बृज में समुन्द्र में रहता था कोई समुन्द्र में जाता तो उससे वह मार देता था। उन्होंने गोवर्धन लीला का वर्णन करते हुए बताया की सात कोस लंबे चौड़े कालिकाल के देवता गोवर्धननाथ को सात वर्ष के कन्हैया ने अपने सबसे छोटी उगली पर सात दिन-रात रख कर इंद्र देव का अभिमान तोड़ा। इसलिए जीव को कभी अभिमान नहीं करना चाहिए और कर्म करना चाहिए फल की इच्छा नहीं रखनी चाहिए। इस मौके पर मंदिर मंत्री विमल शर्मा, पंडित सुमन तिवाड़ी, आचार्य गोविंद दास महाराज, नरेश, मोनू, बिमला कुमावत, मगन कंवर, सावित्री, कृष्णा देवी, संतरा, पार्वती सोनी, संध्या देवी, ओमप्रकाश सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागवत कथा का आनंद लिया।

# षडयंत्र रचकर कॉस्मेटि सामान से भरे ट्रक को आग लगाने के दो आरोपी गिरफ्तार

निसं

**खेतड़ी नगर ( नवयत्न )।** खेतड़ी नगर पुलिस ने एक सप्ताह पूर्व जसरापुर के पास षडयंत्र रच कर लाखों रूपए के कोस्मेटिक सामान को खुर्द बुर्द करने के इरादे से ट्रक में आग लगने की झुठा रूप देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई। पुलिस ने आरोपियों की निशान देही पर अस्सी लाख रूपए के 2255 कोस्मेटिक सामान के कार्टुन बरामद किए।

पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि 21 मई की रात को जसरापुर के पास कोस्मेटिक सामान से भरे कंटेनर में आग लग गई। इस संबंध में 23 मई को त्रिनेना अपार्टमेन्ट, पीएस बेल धरीया, हाल मैनेजर वेस्टर्न केरियर्स ईण्डिया लिमिटेड कम्पनी कोलकाता निवासी सर्वेश कुमार राय पुत्र रामजन्म राय ने रिपोर्ट दी कि कन्टेनर नम्बर आरजे 18 जीए 5631 चालक लोयल निवासी करण सिंह जिसका वाहन स्वामी राज कुमार द्वारा दिनांक 12 मई को कंटेनर में डुमडुमा तन सुखिया असम से हिन्दुस्तान लिवर का करीबन 96 लाख रूपये कोस्मेटिक का सामान लोड करवाकर वापी गुजरात के लिए रवाना किया था लेकिन वाहन निर्धारित मार्ग से न जाकर झुन्झुनूं जिले में आकर चालक करण सिंह व वाहन स्वामी राजकुमार ने मिली भगत कर वाहन में भरे ज्यादातर माल को खुर्द बुर्द कर दिया, कंटेनर में नाम मात्र का कोस्मेटिक का सामान रखकर जसरापुर के पास पहुंचकर साक्ष्य मिटाने के लिए जानबुझकर वाहन में आग लगाकर माल नष्ट करने की बनावटी घटना रचने का मामाला दर्ज करवाया। रिपोर्ट के आधार पर मामले की जांच शुरू की गई। एसपी कावेन्द्र सिंह सागर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाधिकारी राकेश कुमार ने नेतृत्व में टीम का गठन किया। थानाधिकारी राकेश कुमार ने बताया कि आरोपीगण की सरगर्मी से तलाश कर त्वरित गिरफ्तारी करने के प्रयास किये गये, जांच के दौरान सामने आया कि कंटेनर चालक करण सिंह और वाहन मालिक राजकुमार ने आपसी मिली भगत कर निर्धारित मार्ग से हट कर झुंझुनूं जिले में पहुंच कर कंटेनर का अधिकांश माल खुर्द बुर्द कर जसरापुर के पास कंटेनर में थोड़ा बहुत माल छोड़ कर आग लगा दी। जिससे कंटेनर में आग लगने से सारा सामान नष्ट होने का रूप दिया जा सके। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्यवाही करते हुए आरोपी बडली की ढाणी थाना ततारपुर जिला खैरथल निवासी करणसिंह पुत्र मामचंद, लोयल निवासी राजकुमार पुत्र धर्मपाल जाट से सख्ती से पुछताछ की तो उन्होंने कंटेनर में आग लगाना कबुल कर लिया।

दोनों आरोपियों को विभिन्न धाराओं में गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया। आरोपियों से पुछताछ में सामने आया कि 96 लाख रूपए के कोस्मेटिक सामान में से करीब अस्सी लाख रूपए के 2255 कार्टून कोस्मेटिक सामान शालु कलां चिड़ावा के गांव के बाहर खेतों में गोदाम बना हुआ है वहां पर छुपा रखा है। आरोपियों की निशान देही पर अस्सी लाख रूपए के 2255 कार्टून कोस्मेटिक सामान बरामद कर लिया। आरोपियों से पुछताछ की जा रही है कि इस षडयंत्र में और कौन-कौन शामिल है। आरोपियों को गिरफ्तार करने में डीएसटी प्रभारी हेमराज, शशिकांत, खेतड़ी नगर थाने के आसूचना अधिकारी नेमीचंद की भूमिका विशेष रही। टीम में थानाधिकारी राकेश कुमार, विजयसिंह, कल्याणसिंह, जितेंद्र, अनिल, नेमीचंद, सुमेरसिंह, कांता, डीएसटी प्रभारी हेमराम मीणा, शशिकांत, हरीश, संदीप गांधी, सुनिल, कुलदीप शामिल थे।

## ज्ञापन, जानलेवा हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** खाटूश्यामजी में 26 मई 2026 को करण कुमावत निवासी त्रिलोकपुरा-रानोली पर हुए जानलेवा हमले के विरोध में कुमावत सेवा समिति तहसील दांतारामगढ़ ने जिला कलेक्टर के नाम उपखंड अधिकारी मोनिका सामोर को ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी एवं सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि करण कुमावत पुत्र मदनलाल कुमावत निवासी झरी कोठी, त्रिलोकपुरा वाया रानोली जिला सीकर पर कुछ लोगों द्वारा जानलेवा हमला किया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल करण का उपचार श्री कल्याण अस्पताल सीकर में चल रहा है। घटना के बाद कुमावत समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। समिति पदाधिकारियों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि करण कुमावत अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य है तथा परिवार आर्थिक रूप से सामान्य एवं मजदूर वर्ग से जुड़ा हुआ है।

गंभीर चोटों के कारण उसे तत्काल बेहतर उपचार की आवश्यकता है। समाज के लोगों ने प्रशासन से मांग की कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर निष्पक्ष एवं कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके। इस दौरान कुमावत सेवा समिति तहसील दांतारामगढ़ के पदाधिकारी एवं समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

# एचएलबी का शत-प्रतिशत कार्य करने वाले प्रगणकों को किया सम्मानित



निसं

**तारानगर ( नवयत्न )।** नगरपालिका के सभागार में शुक्रवार को उपखण्ड जनगणना अधिकारी तारानगर एसडीएम प्रियंका कड़ेला की अध्यक्षता में मकान सूचीकरण व मकान जनगणना के प्रथम चरण के सफल संचालन हेतु सुपरवाईजरो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। नगर चार्ज जनगणना अधिकारी अजय प्रताप सिंह द्वारा जनगणना कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो इस कार्यालय द्वारा समयबद्धता में निस्तारण किया जावेगा। उपखण्ड जनगणना अधिकारी कड़ेला ने निर्देश दिये की सभी सुपरवाईजर अपने प्रगणको को निर्देशित करे की स्टीक एवं पारदर्शिता से निर्धारित समयावधि में कार्य करने सम्पन्न करावे साथ ही सुपरवाईजरो द्वारा फील्ड क्षेत्र की समस्याओं से अवगत करवाया जिनको चार्ज जनगणना प्रभारी भागचन्द किरोड़ीवाल द्वारा फील्ड समस्याओं को दूर करने की जानकारी दी गई। तारानगर क्षेत्र में आवंटित एचएलबी का शत-प्रतिशत कार्य करने पर प्रगणक प्रदीप कुमार स्वामी, सतवीर शर्मा, मनोज कुमार प्रजापत, केशर, जयनारायण प्रजापत को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुपरवाईजरगण हरदेवाराम, अशोक कुमार जांगिड़, भागचन्द, देवकरण, बनवारीलाल, जयसिंह मोगा, रामनिवास, शुभकरण, संजय कुमार शर्मा एवं टेक्नीकल टीम नरसाराम, नन्दलाल, लक्खूसिंह, हेमराज प्रजापत उपस्थित रहे।

## सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

श्रीमाधोपुर (नवयत्न)। बाबा नारायणदास राजकीय उप जिला चिकित्सालय अजीतगढ़ में कार्यरत पूर्व संविदा-कर्मी कम्प्यूटर ऑपरेटर स्वर्गीय जितेन्द्र सैनी की प्रथम पुण्यतिथि पर बुधवार को चिकित्सालय के तमाम स्टॉफकर्मियों, परिवारजनों व गणमान्य नागरिकों ने चिकित्सालय परिसर में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी तथा पुर्ण्यात्मा की शांति हेतु दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की । इस अवसर पर पीएमओ डॉ मनीष जांगिड़, डॉ राजेश बाजिया, डॉ एम पी सैनी डॉ ज्योति मीना, डॉ अनिता अटल, सुगनचंद, राधेश्याम, शशिकांत, सुभाष सैनी, रोहिताश, फार्मासिस्ट मुकेश सैनी, अशोक कुमार, दशरथ कुमार, महिपाल, राजेश कुमार, अजय रावत, संतोष पारासर, दिनेश गुर्जर, छीतरमल, नेकेश यादव, संतोष कुमावत, सुनिता, कुलदीप, शंकर सैनी, सुल्तान सैनी, नंछुराम, हजारीलाल सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## स्वच्छ नोखा मेरा अभिमान कार्यक्रम आज

**नोखा ( नवयत्न )।** स्वच्छ नोखा मेरा अभिमान कार्यक्रम का आगाज आज प्रात: 7 बजे सार्वजनिक स्थान चाचा नेहरू बाल उद्यान में स्वच्छ नोखा मेरा अभिमान कार्यक्रम के अंतर्गत अणुव्रत समिति नोखा के नेतृत्व में विभिन्न समितियों, संगठनों द्वारा स्वच्छता अभियान की शुरुआत की जाएगी। प्रात: 7 बजे सभी आमजन आमंत्रित हैं।

# डिजिटल अरेस्ट से बचाएगा सीबीआई का अभय

## राजस्थान पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

**जयपुर ( नवयत्न )।** प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराधों और डिजिटल अरेस्ट जैसे हाईटेक फ्रॉड से आमजन को सुरक्षित रखने के लिए राजस्थान पुलिस की साइबर क्राइम शाखा ने विशेष एडवाइजरी जारी की है। अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस साइबर क्राइम ने बताया कि केंद्रीय जांच ब्यूरो सीबीआई ने नागरिकों को फर्जी नोटिस और डिजिटल अरेस्ट स्कैम से बचाने के लिए अभय नामक एआई आधारित नोटिस सत्यापन चैटबॉट विकसित किया है। एडीजी वीके सिंह ने बताया कि इन दिनों साइबर अपराधी अदालतों, पुलिस और जांच एजेंसियों के नाम पर फर्जी अरेस्ट वारंट और नोटिस भेजकर लोगों को डराने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे मामलों में अभय चैटबॉट किसी भी संदिग्ध नोटिस की वास्तविकता की तुरंत जांच कर असली और नकली नोटिस के बीच अंतर स्पष्ट करता है। उन्होंने बताया कि अभय यानी एक अत्याधुनिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित चैटबॉट है, जो 24 घंटे सक्रिय रहकर नागरिकों को साइबर ठगी से बचाने में मदद करता है। यह सिस्टम डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों में लोगों को घबराने से रोकने और सही कानूनी सलाह देने के उद्देश्य से तैयार किया गया है। साइबर शाखा के अनुसार इस चैटबॉट में कई उन्नत तकनीकी सुविधाएं दी गई हैं। इसमें रीयल-टाइम अपडेट फीचर के जरिए नए साइबर फ्रॉड के तरीकों को तुरंत पहचानने की क्षमता है। इसके अलावा नो-पैनिक गाइडेंस फीचर के माध्यम से डरे हुए पीड़ितों को शांत रखते हुए चरणबद्ध कानूनी मार्गदर्शन दिया जाता है। गंभीर मामलों में ऑटो-रूटिंग सुविधा के जरिए यूजर को सीधे भारत सरकार के आधिकारिक शिकायत पोर्टल तक पहुंचाया जाता है। एआई आधारित स्वचालित प्रणाली होने के कारण यह चौबीसों घंटे बिना रुके सहायता उपलब्ध कराता है। एडीजी ने बताया कि चैटबॉट को विशेष रूप से ग्रामीणों, महिलाओं और बुजुर्गों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है।

## बेजुबान जानवरों के लिए गौरव हॉस्पिटल ने भेंट किए कुलर व पंखे

सुरेन्द्र शर्मा



**सीकर ( नवयत्न )।** भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान जानवरों के लिए गौरव हॉस्पिटल ने बहुउद्देश्यीय पशु चिकित्सालय में कूलर व पंखे भेंट किये ताकि इलाज के लिए आने वाले बेजुबान जानवरों को इस भीषण गर्मी से निजात मिल सके। गौरव हॉस्पिटल के डायरेक्टर तपेश त्यागी ने कहा कि भीषण गर्मी में मुक प्राणियों की सेवा पुनीत कार्य है। त्यागी ने कहा कि पशु पक्षियों के लिए दाना पानी की व्यवस्था करने के साथ उन्हें गर्मी से राहत दिलाने के लिए सभी को प्रयास करना चाहिए। गौरव हॉस्पिटल की ओर से बेजुबान जानवरों के लिए कूलर पंखे भेंट करने पर उद्देश्यीय पशु चिकित्सालय के उपनिदेशक डॉक्टर के के सोनी ने गौरव हॉस्पिटल परिवार का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर चिकित्सालय के डॉक्टर तेजपाल रणवा, प्रशासनिक अधिकारी अनिल कुल्हरी, एलएसआई पंकज मुंड, कांग्रेस नेता आनंद सिंह कच्छावा तथा प्रदीप शर्मा सहित पशु चिकित्सालय के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।


### कार्यालय नगरपालिका मंडल, मंडावा (झुंझुनू) राज.

क्रमांक :- 563 दिनांक :- 22/05/2026

**ई निविदा सूचना (DLB2627A2124)**

नगरपालिका मण्डावा द्वारा उपयुक्त श्रेणी के राज्य/केन्द्र सरकार के विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से **http://www.eproc.rajasthan.gov.in** पोर्टल पर दिनांक 23.05.2026 से दिनांक 02.06.2026 समय सायं 06:00 बजे तक तक ई-निविदायें आमत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण website **http://sppp.rajasthan.gov.in** से Download कर प्राप्त की जा सकती है तथा कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगरपालिका मण्डावा के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी एवं प्राप्त की जा सकती है।

**UBN No. : DLB2627WSOB05480, DLB2627WSOB05481, DLB2627WSOB05482, DLB2627WSOB05483**

राज.संवाद/सी/26/3699 — अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मण्डावा

### कार्यालय नगरपालिका खाटूश्यामजी जिला - सीकर

क्रमांक :- नपाखा/2026/97 दिनांक :- 25/05/2026

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना-1/2026-27**

नगरपालिका खाटूष्यामजी द्वारा संवेदकों/संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये ऑनलाईन निविदा दिनांक 23.05.2026 से 02.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबधित सभी विवरण व शर्तें कार्यालय समय तथा वेबसाईट **http:www.sppp.rajasthan.gov.in and eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**UBN :- DLB2627WSOB05684,05686,05687**

राज.संवाद/सी/26/3689 — अधिशाषी अधिकारी

### कार्यालय नगरपालिका खाटूश्यामजी जिला - सीकर

क्रमांक :- नपाखा/2026/676 दिनांक :- 22/05/2026

**निविदा सूचना - 2026-27**

नगरपालिका खाटूश्यामजी द्वारा संवेदकों/संस्थाओं को सूचित किया जाता हैं कि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिये विभिन्न कार्यो/सेवा हेतु निविदा दिनांक 25.05.2026 से 02.06.2026 तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबधित सभी विवरण व शर्तें कार्यालय समय तथा वेबसाईट **http://www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

**NIB - DLB2627A2229, UBN : DLB2627SSOB05723, 05730**

राज.संवाद/सी/26/3688 — अधिशाषी अधिकारी

### आम सूचना

मेरा मुवक्किल सन्त कुमार पुत्र श्री हनुमानाराम, जाति मेघवाल, निवासी ग्राम राणासर, तहसील नवलगढ़, जिला झुन्झुनू (राज.) की ओर से जनसाधारण को सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल के पुत्र विगनेश कुमार का व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति सही नहीं है तथा वर्तमान में मेरे मुवक्किल का पुत्र विगनेश कुमार मेरे मुवक्किल के नियंत्रण से परे है, मेरे मुवक्किल के कहे में नहीं है व गलत आदत में पड़ा हुआ है तथा मेरे मुवक्किल को मारने की धमकी देता है। मेरे मुवक्किल का पुत्र अपनी स्वतंत्र इच्छा से अपना जीवनयापन करता है। मेरे मुवक्किल का पुत्र मेरे मुवक्किल की सेवा सुश्रुषा नहीं करता है तथा ना ही किसी प्रकार का कोई भरण पोषण करता है। मेरे मुवक्किल के पुत्र ने मेरे मुवक्किल का परित्याग कर रखा है। इस कारण मेरे मुवक्किल ने अपने पुत्र विगनेश कुमार को उपरोक्त कृत्यों के कारण अपनी समस्त पैतृक व स्व अर्जित चल व अचल सम्पति से बेदखल कर दिया है। आज के बाद मेरे मुवक्किल की चल व अचल सम्पति में मेरे मुवक्किल के पुत्र विगनेश कुमार का किसी प्रकार का हक व अधिकार नही रहेगा। यदि कोई व्यक्ति उक्त विगनेश कुमार से किसी भी प्रकार का कोई संव्यवहार करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा, इसके लिये मेरे मुवक्किल का कोई उतरदायित्व नही होगा।

**पंकज देव एडवोकेट, मो. 9521128102**

### आम सूचना

Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती बिस्मिल्लाह बानो पत्नी मोहम्मद सलीम कायमखानी निवासी वार्ड नंबर 13, तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनूं अपनी एक आवासीय जायदाद वाके वार्ड नम्बर 13, तहसील बिसाऊ जिला झुंझुनूं तादादी 1457.46 वर्ग फीट जो कि जरिये गिफ्ट डीड दिनांकित 27.04.2026 को मोहम्मद सलीम खान पुत्र इनायत खान कायमखानी ने प्रार्थी को गिफ्ट की है। उक्त सम्पति विक्रय पत्र दिनांकित 15.09.1980 व खसरा नंबर 764/1 हाल खसरा नंबर 1197 व 1199 का भाग है। उक्त जायदाद को प्रार्थी Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर में रहन रख कर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहता है। अत: सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त सम्पति संबंधित किसी बैंक वित्तीय संस्थान या किसी व्यक्ति विशेष को कोई उज्र आपत्ति या उक्त संपत्ति के स्वामित्व संबंधित कोई वाद विवाद हो तो अगले 07 दिवस में Finova capital pvt ltd शाखा फतेहपुर के ब्रांच मैनेजर अथवा ब्रांच अधिवक्ता भरत व्यास एडवोकेट को लिखित में सूचना दें बाद गुजरे मियाद दी गई आपत्ति अमान्य समझी जाएगी।

**भवदीय भरत व्यास, मो. 78774 80007, 78774 70007**

### OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BIHAR P.S. PATAN (SIKAR)

S. NO. 41 DATE: 27-05-2026

**Notice Inviting Bid**

Bid for Rate contract of Material Procurement in varies construction works undar MGNAREGA and Other Scheme For FY 2026-27 are invited from intersted bidders till Date 05-06-2026, 12:00 PM. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in & http://eproc.raj.nic.in) of the state. The approximate value of the procurement is RS: 3000000/-

UBN No. PKP2627GLRC00050

VDO, G.P. BIHAR — PRASHASHAK, G.P. BIHAR

## वीर सावरकर जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित



निसं

**पिलानी ( नवयत्न )।** दीनदयाल उपाध्याय स्मृति संस्थान के तत्वावधान में गुरुवार को वीर विनायक दामोदर सावरकर की जयंती गणेश कोलोनी स्थित डी-9 में स्थानीय स्तर पर एक विचार गोष्ठी आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रेरक गीत एवं श्वंदे मातरम् गान के साथ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ प्रमोद तिवारी ने की। मुख्य वक्ता डीडीएसएस के संयोजक जगदीश प्रसाद सोनी व विशिष्ट अतिथि एडवोकेट हजारीलाल सुनिया थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सहित अन्य अतिथियों ने वीर सावरकर के राष्ट्रभक्ति, पूर्ण संघर्षमय एवं साहसिक जीवन पर प्रकाश डालते हुए स्वतंत्रता संग्राम में उनके अमूल्य योगदान को स्मरण किया तथा उनके आदर्शों एवं पदचिह्नों पर चलने का संकल्प व्यक्त किया। वक्ताओं ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है तथा राष्ट्र सेवा एवं समर्पण की भावना को सुदृढ़ करने वाला है। इस अवसर पर डीडीएसएस स्थानीय शाखा अध्यक्ष ओमप्रकाश टेलर, नरेंद्र शर्मा, प्रमोद डाडा, किशोर सिंह, डॉ रमेश जाजू, डॉ कैलाश भोमिया, डॉ अमरदीप शर्मा, चंद्रप्रकाश सोनी, अनिल जोशी, गंगाधर शर्मा, राहुल पंवार एवं आलोक शर्मा सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## किसान नेताओं को दी श्रद्धांजलि




नवरतन वर्मा

**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा किसान मजदूर भवन में पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह व किसानों की बुलंद आवाज और संघर्षशील किसान नेता कॉमरेड हीरालाल कलवाणिया की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सभा में वक्ताओं ने दोनों नेताओं के किसान हितों के लिए किए गए संघर्षों को याद करते हुए उनके विचारों पर चलने का संकल्प लिया। बैठक में किसान सभा के जिला उपाध्यक्ष कॉमरेड मदनलाल जाखड़, जिला कार्यकारिणी सदस्य बिरजूराम खीचड़, ब्लॉक अध्यक्ष कॉमरेड भादर भामू, सचिव गोपीचंद खीचड़, राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत के नेता शुभकरण नैण, रामकिशन भामू, मनीष जाखड़, ओमप्रकाश तालनिया, विजयपाल कड़वासरा, जगदीश जाखड़, संजय कुमार, सियाचंद कानसुजिया, प्रभुराम, राजपाल सारण, महावीर दईया, गिद्धाराम घींटाला, हेमाराम खोथ, छगनलाल, रामकिशन नैण एवं लालचंद मूंड सहित अनेक किसान मजदूर साथी उपस्थित रहे।

## अखण्ड रामायण पाठ आज से शुरू

निसं

**मुकुन्दगढ़ ( नवयत्न )।** बाईपास रोड़ स्थित सिद्धेश्वर महोदव मंदिर आश्रम में पूर्णिमा के अवसर पर होने वाले रामायण पाठ आज से शुरू होगा। आश्रम के महंत योगी चेतन नाथ महाराज के सानिध्य में आयोजित पाठ में पूर्णिमा तक चलेगा। आश्रम में पाठ के बाद सुंदरकाण्ड पाठ का वाचन किया जाएगा व आरती कर श्रद्धालुओं को भोजन प्रसादी खिलाई जाएगी।

# कांग्रेस जनों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

नवरतन वर्मा




**रतनगढ़ ( नवयत्न )।** रतनगढ़ में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार प्रदेश में लगातार बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के बढ़ते दाम, बेरोजगारी, बिजली-पानी संकट, नीट पेपर लीक प्रकरण तथा आमजन की विभिन्न समस्याओं के विरोध में आज ब्लॉक कांग्रेस कमेटी शहर एवं ग्रामीण द्वारा विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में विशाल विरोध-प्रदर्शन आयोजित किया। स्थानीय अशोक स्तंभ के पास एकत्रित हुए व विधायक पूसाराम गोदारा के नेतृत्व में घंटाघर होते हुए उपखंड कार्यालय गढ़ परिसर तक विशाल रैली निकाली गई। रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। सभा को संबोधित करते हुए विधायक पूसाराम गोदारा ने कहा कि आज देश और प्रदेश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, पानी-बिजली संकट और किसानों की समस्याओं से त्रस्त है, लेकिन सरकार जनता की समस्याओं के समाधान की बजाय केवल झूठे प्रचार में व्यस्त है। शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में पेयजल सप्लाई बाधित रहने एवं लगातार विद्युत कटौती व वोल्टेज की समस्याओं से आमजन पीड़ित है । उन्होंने कहा कि पेट्रोल-डीजल एवं रसोई गैस के लगातार बढ़ते दामों ने आम आदमी की कमर तोड़ दी है तथा युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करते हुए भर्ती परीक्षाओं एवं नीट पेपर लीक जैसे मामलों ने लाखों युवाओं का भरोसा तोड़ा है। कार्यक्रम को विधानसभा प्रभारी सुनील महला, पूर्व प्रधान गिरधारी लाल बांगड़वा, कांग्रेस नेता रमेश इंदौरिया, पूर्व शहर ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चाकलान, देहात ब्लॉक अध्यक्ष भानीराम मेघवाल, कांग्रेस नेता कल्याण सिंह शेखावत हेमंत सारस्वत एवं रामवीर राईका ने भी संबोधित किया। विरोध-प्रदर्शन के पश्चात मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा । इस दौरान त्र्यंबक वेद, पूर्व उप प्रधान रतनलाल मेघवाल, सुरेंद्र हुड्डा, महावीर सिंह राठौड़, फकीर चंद दानोदिया, सुनील मारोठिया, हेतराम खिलेरी, जसकरण गोड़, देवकी माहीच, पूसाराम औजला, चरण सिंह कोका, कयूम गौरी, भंवर लाल गोदारा, आजम खान, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी पर विप्र फाउंडेशन में रोष

### हनुमान बेनीवाल के बयान की कड़े शब्दों में भर्त्सना कर पारित किया निंदा प्रस्ताव

निलेश मुद्गल



**झुंझुनू ( नवयत्न )।** राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के मुखिया एवं सांसद हनुमान बेनीवाल द्वारा एक रैली के दौरान राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के खिलाफ अमर्यादित एवं अशोभनीय भाषा के प्रयोग को लेकर विप्र फाउंडेशन झुंझुनूं इकाई में गहरा रोष व्याप्त है। इस संबंध में बिबाणी धाम बालाजी मंदिर प्रांगण में विफा संरक्षक राजेन्द्र जोशी की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई जिसमें वक्ताओं ने बेनीवाल के बयान की कड़े शब्दों में निंदा की।

बैठक को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन के जिलाध्यक्ष कमलकांत शर्मा ने कहा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में राजनीतिक मतभेद स्वाभाविक हैं लेकिन किसी भी संवैधानिक पद पर आसीन व्यक्ति के प्रति अभद्र एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग राजनीतिक मर्यादाओं के विपरीत है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की बयानबाजी लोकतंत्र की गरिमा को ठेस पहुंचाती है। उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला से सांसद हनुमान बेनीवाल की सदस्यता को रद्द करने की मांग की है कि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति ना हो। जिला संयोजक उमाशंकर महमिया ने कहा कि सार्वजनिक मंचों पर नेताओं को संयमित एवं शालीन भाषा का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक विरोध अपनी जगह है, लेकिन व्यक्तिगत टिप्पणी एवं अमर्यादित शब्दों का प्रयोग समाज में गलत संदेश देता है। संगठन महामंत्री रामगोपाल महमिया ने कहा कि मुख्यमंत्री जैसे गरिमामयी पद के प्रति अशोभनीय भाषा का प्रयोग प्रदेश की जनता का भी अपमान है। जिला संरक्षक एडवोकेट सुशील जोशी ने सभी राजनीतिक दलों एवं जनप्रतिनिधियों से सार्वजनिक जीवन में शिष्टाचार एवं राजनीतिक शुचिता बनाए रखने की अपील की। जिला महामंत्री वशिष्ठ शर्मा ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि भविष्य में भी इस प्रकार की अभद्र राजनीतिक बयानबाजी जारी की गई तो समाज स्तर पर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। बैठक के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों एवं समाजजनों ने सर्वसम्मति से हनुमान बेनीवाल के बयान की निंदा करते हुए निंदा प्रस्ताव पारित किया तथा राजनीतिक मर्यादा एवं शालीनता बनाए रखने का आह्वान किया। इस दौरान कोषाध्यक्ष राकेश सहल, मंत्री विकास पुरोहित, अमृत जोशी, तहसील अध्यक्ष अनिल जोशी, श्याम सुंदर दाधीच, गोपीराम पुरोहित, सुरेश तिवारी, संजय शुक्ला, एडवोकेट रवि शुक्ला, नगर अध्यक्ष अमित पांडे, रतन चारणवासिया, सुभाष जोशी सहित विप्र फाउंडेशन के अनेक पदाधिकारी एवं विप्रजन उपस्थित रहे।

## अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



निसं

**दांतारामगढ़ ( नवयत्न )।** ब्लॉक दांतारामगढ़ में शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय माहवारी स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य में महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं, किशोरियों एवं बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य माहवारी स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को माहवारी के समय स्वच्छता बनाए रखने, सैनिटरी पैड के सुरक्षित एवं सही उपयोग, संतुलित आहार तथा व्यक्तिगत स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही माहवारी से जुड़े भ्रम, संकोच एवं सामाजिक मिथकों को दूर करने तथा समाज में सकारात्मक सोच विकसित करने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर ब्लॉक पर्यवेक्षक ताराचंद जांदू ने उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को संबोधित करते हुए माहवारी स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महिला एवं बालिका कल्याण से संबंधित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि महिलाओं एवं बालिकाओं का स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आत्मविश्वास समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में महिलाओं एवं किशोरियों ने सक्रिय सहभागिता निभाई तथा स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़े विभिन्न विषयों पर जानकारी प्राप्त की।

अंत में सभी को स्वच्छता अपनाने एवं अन्य महिलाओं एवं बालिकाओं को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# आरपीएससी भर्ती में फर्जी डिग्री रैकेट मामले में मेवाड़ यूनिवर्सिटी का कर्मचारी गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान लोकसेवा आयोग आरपीएससी की प्राध्यापक-हिंदी स्कूल शिक्षा प्रतियोगी परीक्षा-2022 में फर्जी डिग्री के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के मामले में राजस्थान स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने कार्रवाई करते हुए मेवाड़ यूनिवर्सिटी, गंगरार चित्तौड़गढ़ के फाइलिंग असिस्टेंट बीरेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपित को कोर्ट में पेश कर 30 मई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया है। एसओजी को पूछताछ में फर्जी डिग्री गिरोह से जुड़े कई अहम खुलासे होने की उम्मीद है। एसओजी के एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि प्राध्यापक-हिंदी भर्ती परीक्षा-2022 में पात्रता जांच के दौरान अभ्यर्थी ब्रह्मा कुमारी ने आयोग में मेवाड़ यूनिवर्सिटी, गंगरार से जारी एमए हिंदी की डिग्री प्रस्तुत की थी। दस्तावेजों के सत्यापन में सामने आया कि यह डिग्री विश्वविद्यालय द्वारा जारी ही नहीं की गई थी। जांच में यह भी सामने आया कि अभ्यर्थी ने झूठा शपथ पत्र पेश कर फर्जी डिग्री के आधार पर नियुक्ति हासिल करने का प्रयास किया था। इस संबंध में अजमेर के सिविल लाइंस थाने में मामला दर्ज किया गया, जिसकी जांच एसओजी कर रही है। एसओजी जांच में खुलासा हुआ कि मेवाड़ यूनिवर्सिटी के फाइलिंग असिस्टेंट बीरेंद्र सिंह ने यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट कौशल किशोर चंद्रुलए ध्वज कीर्ति शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, राजेश सिंह राणावत और अन्य लोगों के साथ मिलकर पूरी साजिश रची।

आरोपी ने अपनी ईमेल आईडी से दिल्ली स्थित एक प्रिंटिंग प्रेस को मेल भेजकर ब्रह्मा कुमारी के नाम से एमए हिंदी की फर्जी डिग्री छपवाई। बाद में यूनिवर्सिटी के अधिकारियों के हस्ताक्षर करवाकर यह डिग्री अभ्यर्थी को उपलब्ध कराई गई। एसओजी के अनुसार आरोपित बीरेंद्र सिंह के खिलाफ पहले भी अजमेर के सिविल लाइंस थाने में फर्जी डिग्री जारी करने में सहयोग करने का मामला दर्ज हो चुका है, जिसमें उसे गिरफ्तार किया गया था। इसके अलावा गुजरात के आनंद थाने में भी इसी प्रकार का मामला दर्ज है, जहां भी उसकी गिरफ्तारी हो चुकी है। एसओजी ने बताया कि इस फर्जी डिग्री प्रकरण में अब तक मुख्य अभ्यर्थी ब्रह्मा कुमारी सहित कुल 12 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है।

आरोपित बीरेंद्र सिंह मूल रूप से दोगाथ उत्तर प्रदेश का निवासी है और वर्तमान में गाजियाबाद में रह रहा था। एसओजी अब इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों और फर्जी डिग्री नेटवर्क की कड़ियों को खंगालने में जुटी है।

## हादसे में दो घायल, एक रैफर

निसं

**सुजानगढ़ ( नवयत्न )।** गुरूवार रात्रि को करीब 10 बजे सुजानगढ़-सालासर रोड पर स्थित चौधरी होटल के पास सड़क पर अचानक पशुधन से टकराकर मोटरसाइकिल सवार दो युवक घायल हो गए। घायल विकास व आनंद, निवासीगण लोढ़सर को गोपाल तेतरवाल, महेश डूडी, टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार की मदद से सुजानगढ़ सरकारी अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराकर इलाज शुरू कराया गया तथा परिजनों को सूचित किया। डॉ विवेक सोनी, अमित आदि ने इलाज किया।

# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

### बढ़ती महंगाई और नीट पेपर लीक मामले को लेकर सौंपा ज्ञापन




निसं

**खेतड़ी ( नवयत्न )।** खेतड़ी उपखंड कार्यालय के सामने शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान बढ़ती महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस की बढ़ती कीमतों तथा नीट पेपर लीक मामले के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व मंत्री डॉ जितेंद्र सिंह ने बताया गया कि लगातार बढ़ रही महंगाई से आमजन, किसान, मजदूर, मध्यम वर्ग और बेरोजगार युवा बेहद परेशान हैं। पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि होने से दैनिक उपयोग की वस्तुओं के दाम भी आसमान छू रहे हैं, जिससे आमजन का जीवन प्रभावित हो रहा है। इसके साथ ही हाल ही में सामने आए नीट पेपर लीक मामले को युवाओं और विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए इसकी उच्च स्तरीय जांच करवाकर दोषियों के खिलाफसख्त कार्रवाई की मांग की गई। उन्होंने कहा कि मेहनत करने वाले विद्यार्थियों का परीक्षा प्रणाली से विश्वास उठता जा रहा हैए जो चिंताजनक स्थिति है। कांग्रेस नेताओं ने महंगाई पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठानेए गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत देने तथा युवाओं के भविष्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की।

इस दौरान पूर्व मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, प्रभारी प्रवीण जाखड़, जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष गोविन्द सैनी, ब्लॉक अध्यक्ष रामअवतार सैनी, नगर अध्यक्ष निकेश पारीक, गोकुलचंद सैनी, उपाध्यक्ष हजारीलाल सैनी, अर्जुन लाल सैनी, बजरंग लाल, रामजीलाल, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष शकुंतला यादव, अब्दुल गफ्फार, विनोद सोनी, चंदगीराम सैनी, बलवीर सैनी, प्रेम चंदेला, केशव प्रसाद, महावीर प्रसाद, इंद्राज सैनी, सुधीर गुप्ता, राजेश गाडराटा, नासिर हुसैन, सुगनचंद, सुरेश कुमार, प्यारेलाल धेदड, सत्यवीर महारानियां, बाबूलाल, नरेंद्र वर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# फर्जी ताइक्वांडो प्रमाण पत्र लगाकर चयन कराने की साजिश रचने वाला गिरफ्तार

निसं



**जयपुर ( नवयत्न )।** राजस्थान में सरकारी नौकरियों में फर्जीवाड़े के बड़े खेल का खुलासा करते हुए स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप एसओजी ने तृतीय श्रेणी अध्यापक लेवल-1 भर्ती-2022 में फर्जी ताइक्वांडो प्रमाण पत्र लगाकर चयन कराने की साजिश रचने वाले आरोपित भभूता राम विश्नोई को जेल से प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार किया है। आरोपित पर पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में अपने भाई की जगह डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाने का भी आरोप है। फिलहाल एसओजी की टीम आरोपित से पूछताछ करने में जुटी है। एसओजी के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक विशाल बंसल ने बताया कि राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से आयोजित तृतीय श्रेणी अध्यापक भर्ती-2022 में खेल कोटे के तहत चयन के लिए 38 अभ्यर्थियों ने नेशनल लेवल ताइक्वांडो प्रतियोगिता के फर्जी प्रमाण पत्र पेश किए थे। जांच में सामने आया कि इन प्रमाण पत्रों को असली साबित करने के लिए ताइक्वांडो फेडरेशन ऑफ इंडिया, धनबाद, झारखंड के नाम से मिलती-जुलती फर्जी ईमेल आईडी बनाकर प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय बीकानेर को कूटरचित सत्यापन रिपोर्ट भेजी गई थी। इस मामले में एसओजी थाना में धोखाधड़ी, कूटरचना और आईटी एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है।

जांच के दौरान सामने आया कि आरोपित भभूताराम उर्फ रणजीत विश्नोई निवासी लछिए का तला बाड़मेर ने दलाल सतीश डुल के माध्यम से करीब एक लाख रुपए में फर्जी ताइक्वांडो खेल प्रमाण पत्र का सौदा तय किया था। आरोपित ने करीब तीन वर्ष पहले 15 हजार रुपए नकद देकर प्रमाण पत्र हासिल किया और चयन समिति के समक्ष प्रस्तुत कर सरकारी नौकरी पाने का प्रयास किया। एसओजी के अनुसार आरोपित पहले से ही एक अन्य मामले में जयपुर सेंट्रल जेल में न्यायिक अभिरक्षा में बंद था। उस पर पीटीआई भर्ती परीक्षा-2022 में अपने छोटे भाई मुकेश कुमार की जगह डमी अभ्यर्थी से परीक्षा दिलवाने का भी आरोप है। जांच में सामने आया कि शिक्षा विभाग के यूडीसी जगदीश सारण के माध्यम से आरोपित ने पवन कुमार नामक युवक को मोटी रकम देकर भाई की जगह परीक्षा में बैठाया था। इस संबंध में अलग से मामला दर्ज है। एसओजी ने आरोपित को प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर अदालत में पेश कियाए जहां से उसे 30 मई तक पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया।

एसओजी अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े दलालों, फर्जी प्रमाण पत्र तैयार करने वालों और अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी है। एडीजी विशाल बंसल ने बताया कि मामले में अब तक 38 नामजद अभ्यर्थियों में से 21 अभ्यर्थियों सहित फर्जी ईमेल आईडी तैयार करने वाले आरोपित बिमलेन्दु कुमार झा, दलाल कमल सिंह तथा फर्जी खेल प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने वाले अन्य आरोपितों समेत कुल 28 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष आरोपितों और दलालों की तलाश जारी है।

## झमाझम बारिश के साथ गिरे ओले

निसं



**तारानगर ( नवयत्न )।** तारानगर में शुक्रवार शाम करीब 4 बजे झमाझम बारिश हुई।

बारिश के बाद मौसम सुहावना हो गया जिससे क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिली। बारिश के साथ हल्के ओले भी गिरे। इसके अलावा तारानगर क्षेत्र के कई गांव में भी बारिश व बारिश के साथ बड़े आकार के ओले गिरने के समाचार प्राप्त हुए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक सपना शर्मा के लिए उदय प्रिंटर्स 43-ए, माली कॉलोनी, चांदपोल के बाहर जयपुर में मुद्रित व प्लॉट नं. 88, तहसील के पीछे दांतारामगढ़, सीकर ( राज. ) से प्रकाशित संपादक सपना शर्मा
मो. 9783931239 मुख्य कार्यालय-जी-4, मान नगर, नगर परिषद के सामने, झुंझुनू, 01592-297190